वर्ष : 34 ▸ अंक :198 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, गुरुवार, 25 सितंबर 2025 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल ▸ संरक्षक : एन. के. पुरोहित


# DBD
# दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है




नवरात्रि का चौथा दिन

## ब्रह्मांड जनक आदिशक्ति माँ कूष्मांडा

नवरात्रि के चौथे दिन देवी कूष्मांडा की पूजा की जाती है। आदिशक्ति के इस स्वरूप को मंद मुस्कान से ब्रह्मांड की सृष्टि करने वाली देवी माना गया है। उनका तेज सूर्य मंडल के भीतर तक फैला है और वे स्वयं सूर्य को ऊर्जा प्रदान करती हैं।

### महत्व और फल

देवी कूष्मांडा की आराधना से भक्तों को आयु, यश, बल और आरोग्य की प्राप्ति होती है। वे समस्त रोगों और कष्टों से मुक्ति दिलाती हैं। श्रद्धापूर्वक की गई पूजा से जीवन में सुख, समृद्धि और उन्नति आती है तथा भक्त को मानसिक शांति और मोक्ष का मार्ग प्राप्त होता है।



### पूजन विधि

प्रातः स्नान कर पीले वस्त्र धारण करें। चौकी पर देवी की प्रतिमा या चित्र स्थापित करें। धूप, दीप और मालपुआ का भोग अर्पित करें।

**मंत्र**

या देवी सर्वभूतेषु मां कूष्माण्डा रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥



पंडित डॉ. त्रिलोक कैलाशचंद्र शर्मा



# बारिश से हाहाकार, एक्शन में सरकार



- मुख्यमंत्री फडणवीस ने दोनों उपमुख्यमंत्री और मंत्रियों के साथ किया बाढ़ग्रस्त इलाकों का दौरा
- सभी मानदंडों को दरकिनार कर किसानों को दी जाएगी तत्काल सहायता: सीएम

अमित बृज । मुंबई

महाराष्ट्र के कई जिले भीषण बारिश और बाढ़ की चपेट में हैं। धाराशिव, बीड, जालना, लातूर और नांदेड में हालात बेहद गंभीर बने हुए हैं। नदियां उफान पर हैं, कई तालाब टूट चुके हैं और सैकड़ों गांव जलमग्न हो गए हैं। इस आपदा ने किसानों की फसलें, पशुधन और घरों को भारी नुकसान पहुंचाया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने अलग-अलग बाढ़ग्रस्त गांवों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया और प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया। राज्य सरकार ने स्पष्ट किया कि संकट की इस घड़ी में वह अपने नागरिकों के साथ खड़ी है।

### दौरे की मुख्य बातें:

- बाढ़ राहत के लिए 2,000 करोड़ का विशेष निधि स्वीकृत।
- सभी प्रभावित नागरिकों को मदद देने का सरकार का संकल्प।
- पंचनामे तेजी से पूरे कर सहायता वितरण शुरू होगी।
- अस्थायी पुनर्वास केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश।

### मुख्यमंत्री बाढ़ राहत के लिए विशेष पैकेज

मुख्यमंत्री फडणवीस ने सोलापुर जिले के माढा तहसील के निमगांव और दारफल गांवों का दौरा किया। उन्होंने बाढ़ से प्रभावित नागरिकों से संवाद किया और कहा कि घरों, फसलों और पशुओं का व्यापक नुकसान हुआ है। फडणवीस ने बताया कि सभी पात्र नागरिकों को नुकसान की भरपाई के लिए सरकारी सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कैबिनेट ने बाढ़ राहत के लिए दो हजार करोड़ रुपए का विशेष पैकेज मंजूर किया है। इस पैकेज में रास्ते, स्कूल, बिजली व्यवस्था, खेती व घरों के लिए सहायता शामिल है। इसके साथ ही व्यापारियों को हुए नुकसान के लिए भी अलग से पैकेज दिया जाएगा। ड्रोन और मोबाइल से किए गए पंचनामों को वैध माना जाएगा।

### उपमुख्यमंत्री पवार ने प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया



उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने करमाला, माढा और मोहोल तहसीलों का दौरा किया। उन्होंने कहा कि उड़द, मक्का, सोयाबीन और तूर जैसी फसलों, घरों और पशुओं को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिए कि सभी नुकसान का पंचनामा शीघ्र पूरा किया जाए और प्रभावित लोगों को तत्काल अन्न, पानी, बिजली और दवाई जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

### नियमों में ढील देने की जरूरत: उपमुख्यमंत्री शिंदे



उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने धाराशिव में बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया। उन्होंने कहा कि हालात खराब हैं और कुछ नियमों में छूट देने की आवश्यकता है। शिंदे ने प्रभावित नागरिकों को आवश्यक सामानों और राहत किट भी वितरित की।

# लद्दाख में भड़की हिंसा




राज्य का दर्जा मांग रहे प्रदर्शनकारियों ने लेह में भाजपा ऑफिस जलाया, शहर में मार्च-रैली बैन

एजेंसी । लेह

केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर लेह में बुधवार को हिंसक प्रदर्शन हुआ। छात्रों की पुलिस और सुरक्षाबलों से झड़प हो गई। इसमें 4 लोगों की मौत हो गई और 70 से ज्यादा लोग घायल हैं। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने पुलिस पर पत्थरबाजी की। भाजपा ऑफिस और CRPF की गाड़ी में आग लगा दी। उधर, प्रशासन ने लेह में बिना अनुमति रैली, प्रदर्शन पर बैन लगा दिया है।

### पिछले 15 दिनों से भूख हड़ताल पर वांगचुक

ये छात्र सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक के समर्थन में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। वांगचुक पिछले 15 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे थे। मांगें पूरी न करने के विरोध में प्रदर्शनकारियों ने आज बंद बुलाया था। इसी दौरान हिंसा हुई। हिंसा के बाद वांगचुक ने अनशन तोड़ते हुए कहा कि यह लद्दाख के लिए दुख का दिन है। हम पांच साल से शांति के रास्ते पर चल रहे थे। अनशन किया, लेह से दिल्ली तक पैदल चलकर गए। आज हम शांति के पैगाम को असफल होते हुए देख रहे हैं। हिंसा, गोलीबारी और आगजनी हो रही है। मैं लद्दाख की युवा पीढ़ी से अपील करता हूं कि इस बेवकूफी को बंद करें।

# एपीएमसी चुनाव को बॉम्बे हाई कोर्ट सख्त

- एपीएमसी चुनाव को बॉम्बे हाई कोर्ट सख्त
- चुनाव जल्द करने के लिए कदम उठाने का ठाणे जिला चुनाव अधिकारी को दिया निर्देश

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने ठाणे जिला चुनाव अधिकारी सहकारी समिति को मुंबई कृषि उपज बाजार समिति (एपीएमसी) का चुनाव जल्द कराने के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया है। अदालत ने इस साल 29 अगस्त को राज्य के विपणन निदेशक द्वारा एपीएमसी में प्रशासक नियुक्त करने के आदेश को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति संदेश पाटील की पीठ ने किसानों की याचिकाओं को स्वीकार करते हुए कहा कि समिति तब तक कोई



### याचिकाकर्ताओं का दावा

याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील नितीन गवारे पाटिल ने अदालत में बताया कि एपीएमसी की पहली बैठक 31 अगस्त 2020 को हुई थी और अधिनियम 1963 की धारा 15 के अनुसार इसका पांच साल का कार्यकाल 31 अगस्त 2025 को समाप्त हो गया। विपणन निदेशक और ठाणे जिला चुनाव अधिकारी को समय पर चुनाव कराने के लिए कदम उठाने चाहिए थे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया।

### चुनाव न कराने पर अदालत का रुख

पीठ ने कहा कि चुनाव न कराने से अधिनियम की धारा 15(ए) का उद्देश्य विफल हो जाएगा। अदालत ने स्पष्ट किया कि ठाणे जिला चुनाव अधिकारी को चुनाव कराने के लिए तत्काल कदम उठाना अनिवार्य है और समिति को अब बिना निर्वाचित निकाय के कोई नीतिगत निर्णय लेने की अनुमति नहीं है।

# पहलगाम हमले के आतंकियों का मददगार गिरफ्तार

एजेंसी । श्रीनगर

पहलगाम हमले के आतंकियों का मददगार पकड़ा गया है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बुधवार शाम को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक आरोपी का नाम यूसुफ कटारी है। 26 साल का आरोपी कुलगाम का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि आरोपी यूसुफ ने हमले को अंजाम देने वाले द रेसिस्टेंस फ्रंट (TRF) के आतंकियों को लॉजिस्टिक सपोर्ट मुहैया कराया था। उसे गिरफ्तार करने के बाद 14 दिन की पुलिस रिमांड में भेजा गया है। इस बीच मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया है कि आरोपी कटारी में स्थानीय बच्चों को पढ़ाता था। कुछ दिन पहले वह आतंकियों के संपर्क में आया और फिर उनकी मदद करने लगा। पुलिस को कटारी के बारे में सुराग ऑपरेशन महादेव में बरामद हथियारों की जांच के दौरान मिला। इससे पता चला कि 22 अप्रैल को पहलगाम हमले से पहले भी उसने कुलगाम के जंगलों में लश्कर के आतंकियों की मदद की थी।



आतंकियों के आने-जाने और छिपने का इंतजाम किया था

# अब परियोजनाओं को मिलेगी गति

- पीडब्ल्यूडी के निर्माण कार्यों के लिए उच्च स्तरीय समिति की मंजूरी होगी आवश्यक
- समिति की मंजूरी के बाद 15 करोड़ रुपये से अधिक के कार्य किए जा सकेंगे

दीपक पवार । मुंबई

सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के माध्यम से सड़क, पुल, आवासीय और कार्यालय भवन निर्माण के लिए सरकार के पास आने वाले प्रस्तावों की संख्या अधिक होने के कारण मंजूरी देने में अक्सर देरी होती है। यह देरी मुख्य रूप से प्रस्तावों की जांच और अनुमोदन की प्रक्रिया की लंबी प्रकृति के कारण होती है।अब इन परियोजनाओं के लिए पीडब्ल्यूडी के अतिरिक्त मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है।




### बजट और परियोजना प्रबंधन

पीडब्ल्यूडी के अनुसार, सड़क उप-क्षेत्र के अंतर्गत सड़क और पुल निर्माण कार्यों को बजट में शामिल करने के लिए शासन स्तर पर बड़ी संख्या में प्रस्ताव प्राप्त होते हैं। प्रचलित प्रक्रिया के कारण, कई बार इन कार्यों को बिना अलग जांच के ही बजट में शामिल कर लिया जाता है, जिससे परियोजनाओं को पूरा करने में दिक्कतें और विलंब होता है।

### लागत और समय पर नियंत्रण

समिति के अनुमोदन की नई व्यवस्था से न केवल परियोजनाओं को समय पर पूरा किया जा सकेगा, बल्कि अनावश्यक लागत वृद्धि से भी बचाव होगा। अब सड़कों, पुलों, आवासीय और सरकारी कार्यालय भवनों के निर्माण कार्य केवल समिति की मंजूरी के बाद ही शुरू किए जाएंगे।

महिला पत्रकार हमला प्रकरण

# पुलिस को हलफनामा दायर करने का निर्देश

**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने पुणे में अवैध निर्माण की रिपोर्टिंग करते समय महिला पत्रकार स्नेहा बर्वे पर हुए हमले और धमकी के मामले को गंभीरता से लिया है। अदालत ने राज्य पुलिस को इस मामले में हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया और संवेदनशील मुद्दों पर रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकारों के उत्पीड़न पर चिंता जताई। मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड़ की पीठ ने कहा कि हाल के दिनों में पत्रकारों के खिलाफ उत्पीड़न की घटनाएं बढ़ी हैं। याचिकाकर्ता स्नेहा बर्वे पर इस साल 4 जुलाई 2025 को पुणे में अवैध निर्माण पर रिपोर्टिंग करते समय लोहे की रॉड से हमला किया गया था।







## न्यूज़ ब्रीफ

### कल्याण-कर्जत मार्ग पर भीषण हादसा



संजय राजगुरु । अंबरनाथ

अंबरनाथ में बुधवार सुबह एक भीषण कार हादसा हुआ, जिसमें पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। यश रॉय और उनकी पत्नी रिया रॉय अपने दो महीने के बच्चे के साथ कार में उल्हासनगर की ओर जा रहे थे, जब आईटीआई कॉलेज के पास कार का नियंत्रण अचानक बिगड़ गया और वह सड़क किनारे जा टकराई।टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार पूरी तरह चकनाचूर हो गई। इस हादसे में यश और रिया गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें तुरंत उल्हासनगर के निजी अस्पताल कृति केयर में भर्ती कराया गया। इस दौरान, उनके दो महीने के बच्चे को आश्चर्यजनक रूप से कोई चोट नहीं आई और वह पूरी तरह सुरक्षित है।घटना की सूचना मिलने पर अंबरनाथ पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि हादसे की वजह और कार चालक की स्थिति की जांच की जा रही है, और आगे की कार्रवाई जारी है।

### अधिकारियों-कर्मचारियों ने किया एक दिन का वेतन दान

मुंबई। महाराष्ट्र के कई इलाकों में बाढ़ से फसल और आम जनता को भारी नुकसान पहुंचा है। इस संकट में फंसे किसानों और नागरिकों की मदद के लिए सरकारी गजटेड अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपना एक दिन का वेतन मुख्यमंत्री राहत कोष में दान करने का निर्णय लिया है। महाराष्ट्र राज्य राजपत्रित अधिकारी महासंघ ने बताया कि प्रदेश में भारी बारिश के कारण स्थिति बेहद गंभीर है। इस कठिन परिस्थिति में सभी सरकारी अधिकारी राज्य की जनता के साथ खड़े हैं। महासंघ ने प्रदेश के डेढ़ लाख राजपत्रित अधिकारियों का सितंबर महीने का एक दिन का वेतन 'मुख्यमंत्री राहत कोष' में दान करने का निर्णय लिया है।राज्य के अधिकांश भागों में बादल फटने जैसी भारी बारिश के कारण कृषि और नागरिकों को भारी नुकसान हुआ है। इस आपदा की स्थिति में, सरकार के मुखिया राज्य की जनता को आश्वस्त करने के लिए प्रभावी कदम उठा रहे हैं। महासंघ ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजीत पवार को पत्र भेजकर राज्य सरकार को पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया है। पहले भी महासंघ ने आपात स्थितियों में 'मुख्यमंत्री राहत कोष' में एक दिन का वेतन दान किया है।

# दिवा खाड़ी किनारे मैंग्रोव का हो रहा विनाश

- विभाग की लापरवाही उजागर
- शिकायत के बावजूद धड़ल्ले से जारी है मैंग्रोज की कटाई

डीबीडी संवाददाता । नवी मुंबई

दिवा मैंग्रोव वन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध कटाई और मिट्टी भराई का कार्य जारी है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार जेसीबी मशीनों से कई मैंग्रोव पेड़ काटे जा रहे हैं और खाड़ी पर अवैध गेट बनाकर जलस्रोत सुखाए जा रहे हैं, जिससे पेड़ सूखकर खत्म हो रहे हैं।

### शिकायत और अधिकारियों की प्रतिक्रिया



मुंबई हाईकोर्ट और मैंग्रोज सेल की विजिट के बाद शिकायत दर्ज की गई थी। इसके बावजूद, मैंग्रोव सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रहे वेटलैंड सेल और मैंग्रोव कक्ष की लापरवाही के कारण कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। मैंग्रोज सेल के अनुसार मामले में कार्रवाई शुरू की गई है और आगे भी जारी रहेगी।



### पर्यावरण कानूनों का उल्लंघन



विशेषज्ञों के अनुसार, मैंग्रोव तटीय कटाव रोकने, ज्वारीय जल प्रवाह नियंत्रित करने और जैव विविधता बनाए रखने के लिए जरूरी हैं। पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 और CRZ-IA नियमों के तहत किसी भी कटाई की स्थिति में तीन गुना पुन: रोपण अनिवार्य है। दिवा में इन नियमों का उल्लंघन हो रहा है, जिससे क्षेत्र की जैव विविधता और तटीय सुरक्षा पर गंभीर खतरा उत्पन्न हुआ है।

# खेल, संस्कृति और प्रमुख रेलवे कार्यों में उत्कृष्टता के साथ मध्य रेल शिखर पर

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मध्य रेल ने खेल, संस्कृति और परिचालन दक्षता के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करते हुए अपनी सर्वांगीण उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है। समय और विषयों में निरंतर प्रदर्शन के माध्यम से मध्य रेल ने यह साबित किया कि बेहतरीन योजना, प्रतिभा विकास और कार्यान्वयन से विभिन्न क्षेत्रों में उच्चतम स्तर का प्रदर्शन संभव है।

### तीन प्रतिष्ठित पुरस्कारों की उपलब्धि



इस बहुमुखी उत्कृष्टता को तीन प्रमुख पुरस्कारों से मान्यता मिली: समग्र दक्षता के लिए पंडित गोविंद बल्लभ पंत शील्ड, खेलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए कौल गोल्ड कप, और अंतर रेलवे सांस्कृतिक प्रतियोगिता शील्ड। इन सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल कर मध्य रेल ने परंपरागत मान्यताओं को चुनौती दी और रेलवे में सर्वांगीण विकास का उदाहरण प्रस्तुत किया। मध्य रेल के महाप्रबंधक धर्म वीर मीना ने इन तीनों पुरस्कारों को गर्व से प्रदर्शित किया। पंडित गोविंद बल्लभ पंत शील्ड उन्हें 21 दिसंबर 2024 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में प्रदान की गई, जबकि कौल गोल्ड कप और सांस्कृतिक प्रतियोगिता शील्ड भी मध्य रेल के खिलाड़ियों और कलाकारों की मेहनत और समर्पण का प्रमाण हैं।

### समग्र उत्कृष्टता का प्रतीक

तीनों प्रतिष्ठित ट्रॉफियों को एक साथ अपने झोली में भरकर, मध्य रेल ने सर्वांगीण उत्कृष्टता का प्रतीक बनकर दिखाया है। यह उपलब्धि न केवल परिचालन दक्षता बल्कि खेल और संस्कृति में प्रतिभा पोषण के प्रति उनके समर्पण को भी दर्शाती है, जिससे मध्य रेल भारतीय रेलवे में अपनी प्रमुख भूमिका को और मजबूत करता है।

### खेल और सांस्कृतिक क्षेत्र में उपलब्धियां

कौल गोल्ड कप मध्य रेल के खिलाड़ियों के सतत प्रयासों और जोनल रेलवे तथा उत्पादन इकाइयों में अग्रणी प्रदर्शन का परिणाम है। साथ ही, अंतर रेलवे सांस्कृतिक प्रतियोगिता में पहली बार विजेता बनकर मध्य रेल ने अपनी सांस्कृतिक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। यह जीत मध्य रेल सांस्कृतिक अकादमी के कलाकारों की क्षमता और अधिकारियों के कुशल नेतृत्व की सफलता को दर्शाती है।

## भिवंडी-वाडा हाईवे की मरम्मत के लिए 135 करोड़ का फंड मंजूर

डीबीडी संवाददाता । भिवंडी

भिवंडी-वाडा-मनोर सड़क की दयनीय स्थिति को देखते हुए सार्वजनिक बांधकाम विभाग ने इस सड़क की मरम्मत के लिए 135 करोड़ 30 लाख रुपये का फंड मंजूर किया है। सड़क की जर्जर हालत के कारण कई लोगों की जान जा चुकी है, और नागरिकों ने लगातार आंदोलन और शिकायतों के माध्यम से सरकार का ध्यान खींचने की कोशिश की।

### सांसद बाल्या मामा की पहल से मिली मंजूरी



भिवंडी लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुरेश म्हात्रे उर्फ़ बाल्या मामा ने इस सड़क की खराब हालत को लेकर कई बार सार्वजनिक बांधकाम मंत्री शिवेंद्रसिंहराजे भोसले से मुलाकात कर फंड की मांग की थी। सांसद बाल्या मामा ने कहा कि लगातार प्रयासों के बाद अब फंड मंजूर हो चुका है और जल्द ही मरम्मत का काम शुरू होगा, जिससे नागरिकों की यात्रा सुरक्षित और सुगम होगी।

## मीरा-भाईंदर में साइबर जागरूकता कार्यक्रम

डीबीडी संवाददाता । भाईंदर



मीरा-भाईंदर शहर में लगातार बढ़ रहे साइबर अपराधों के खिलाफ जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से 23 सितंबर को एमबीवीवी साइबर पुलिस ने भक्ति वेदांत अस्पताल एवं शोध संस्थान के सहयोग से एक जन जागरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। यह कार्यक्रम अस्पताल के सभागृह में आयोजित किया गया और इसमें शहर के नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई।

### साइबर अपराधों पर मार्गदर्शन

कार्यक्रम के दौरान भक्ति वेदांत अस्पताल एवं शोध संस्थान के निदेशक मंडल, ट्रस्टी, डॉक्टर और चिकित्सा स्वास्थ्य कर्मियों ने अपने सवाल उठाए, जिनका समाधान मीरा भाईंदर साइबर पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक सुजीत कुमार गुंजकर ने किया। उन्होंने विभिन्न साइबर अपराधों के प्रकार, उनसे बचाव के उपाय और ऑनलाइन अपराध का शिकार होने पर क्या कदम उठाने चाहिए, इस पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।पुलिस निरीक्षक सुजीत कुमार गुंजकर ने बताया कि सोशल मीडिया अपराध और ऑनलाइन साइबर ठगी के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के लिए एमबीवीवी पुलिस लगातार जनजागरण कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव के तरीकों और सही जानकारी प्रदान करना था, ताकि लोग सुरक्षित रह सकें और किसी भी आपराधिक घटना में सही मदद प्राप्त कर सकें।

## 26 सितंबर को स्ट्रीट वेंडर्स के लिए 'जन कल्याण बैठक'

**उल्हासनगर।** उल्हासनगर महानगरपालिका ने 26 सितंबर, 2025 को मिड टाउन हॉल में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर स्वरोजगार निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के तहत 'लोक कल्याण मेला' आयोजित किया। इस मेले का मुख्य उद्देश्य रेहड़ी-पटरी वालों को स्वरोजगार ऋण और विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करना है। आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय और नगर परिषद प्रशासन निदेशालय के निर्देशानुसार, मेले में रेहड़ी-पटरी वालों को पहली बार 15,000 रुपये, दूसरी बार 25,000 रुपये और तीसरी बार 50,000 रुपये का ऋण दिया जाएगा। योजना का उद्देश्य डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा देना, समय पर ऋण चुकाने वाले लोगों को प्रोत्साहित करना और सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण के जरिए 8 सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करना है। मेले में नए आवेदन स्वीकार किए जाएंगे, स्वीकृत ऋण प्रकरण वितरित किए जाएंगे और डिजिटल लेनदेन की जानकारी दी जाएगी।

## 100 संविदा विषय शिक्षकों की स्थायी नियुक्ति के आदेश

डीबीडी संवाददाता । ठाणे



जिले में विशेष आवश्यकता वाले छात्रों की शिक्षा और चिकित्सा जरूरतों को पूरा करने के लिए समग्र शिक्षा अभियान के तहत समावेशी शिक्षा पहल लागू की जा रही है। इस पहल के तहत एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में 2004 से मानदेय पर कार्यरत विषय शिक्षकों और विशेष शिक्षकों को आज स्थायी नियुक्ति आदेश प्रदान किए गए। ठाणे जिला परिषद मुख्यालय में मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे और शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक) बालासाहेब राक्षे की उपस्थिति में कुल 100 शिक्षकों को विशेष शिक्षक के स्थायी पद पर नियुक्त किया गया।

### शिक्षकों को मिली बधाई और प्रोत्साहन

मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे ने शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि दिव्यांग और विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों की शिक्षा हमारी सामूहिक ज़िम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि स्थायी पदों पर नियुक्ति से शिक्षकों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और यह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने में मदद करेगा। शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक) बालासाहेब राक्षे ने बताया कि इस आदेश से ठाणे जिले के विशेष आवश्यकता वाले छात्रों को नियमित शैक्षणिक सहायता और आवश्यक सुविधाएँ मिल सकेंगी। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे अपना उत्साह और निष्ठा बनाए रखते हुए इस पहल को और गति दें।

## जल संकट को लेकर भाजपा का आक्रोश मोर्चा

डीबीडी संवाददाता । ठाणे



कलवा के नागरिकों के गंभीर पानी संकट को प्रभाग समिति प्रशासन द्वारा अनदेखा करने के विरोध में भाजपा ने आज सुबह 11 बजे स्वामी समर्थ चौक, स्टेशन रोड से ₹आक्रोश मोर्चा₹ निकाला। मनीषा नगर, जानकी नगर, भुसर अली, रेलवे स्टेशन क्षेत्र, महात्मा फुले नगर, सुदामा सोसाइटी, सह्याद्री सोसाइटी, गोविंद धाम, सुकुर पार्क और दत्तावाड़ी सहित कई क्षेत्रों के नागरिकों ने इस मोर्चे में भाग लिया। मोर्चा कलवा प्रभाग समिति कार्यालय के सामने समाप्त हुआ।

### नेताओं का संदेश और चेतावनी

इस मौके पर विधायक संजय केलकर और निरंजन डावखरे ने कहा कि कलवा के लोगों का स्वच्छ और पर्याप्त पानी प्राप्त करना उनका मौलिक अधिकार है। जलापूर्ति का मुद्दा जीवन और मरण का प्रश्न है, और प्रशासन को इसे गंभीरता से लेना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जलापूर्ति में सुधार के लिए तत्काल कदम नहीं उठाए गए, तो भाजपा जनता के साथ मिलकर सड़कों पर उतरती रहेगी। इस मार्च में भाजपा पदाधिकारी और ठाणे-कलवा शहर के नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## हत्या के आरोपी को सात साल की सजा

डीबीडी संवाददाता । भिवंडी



भिवंडी में 19 नवंबर, 2017 को पैसों के लेनदेन को लेकर एक मज़दूर की आपसी कहासुनी के बाद मारपीट में हत्या कर दी गई थी। इस मामले में भिवंडी शहर पुलिस स्टेशन में छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। मृतक कमलेश कुमार पटेल को रामशीला फुलकरण पासवान और उसके साथियों ने लकड़ी के डंडों और कुंद वस्तुओं से मारकर हत्या की थी।

### आरोपी और गिरफ्तारी

इस हत्याकांड में मुख्य आरोपी रामशीला फुलकरण पासवान, 29, पद्मा नगर, भिवंडी का निवासी और मूलत: उत्तर प्रदेश का निवासी है। उसके साथ राधेश्याम उर्फ दद्दन सियाराम श्रीवास्तव, कन्हैया बालू मल्ला, छोटूनाथ उर्फ बिपिननाथ रचनाथ बंगाली, फुलकरण मोहन पासवान और दादू सियाराम पासवान भी शामिल थे। शहर पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत में सबूत पेश किए।

### न्यायालय का फैसला

सोमवार को भिवंडी जिला एवं सत्र न्यायालय में अंतिम सुनवाई के बाद न्यायाधीश एन.के. काले ने मुख्य आरोपी रामशीला फुलकरण पासवान को सात साल की कैद और आठ हज़ार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना न चुकाने पर चार महीने का अतिरिक्त साधारण कारावास लगाया जाएगा। इस मामले में लगभग 14 गवाहों की गवाही दर्ज की गई है।

## पूर्व कांग्रेसी नगरसेवक तुलसी वसीटा पर जानलेवा हमले का प्रयास

- विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में अजय बागुल के खिलाफ मामला दर्ज

डीबीडी संवाददाता । उल्हासनगर

उल्हासनगर में मंगलवार रात पूर्व कांग्रेस नगरसेवक तुलसी वसीटा पर हत्या के प्रयास की घटना घटी। विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में आरोपी अजय बागुल के खिलाफ हत्या की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है और पुलिस आगे की जांच कर रही है।

### पुराने विवाद को लेकर हमला



तुलसी वसीटा पवई श्रीराम चौक के कैंप क्रमांक चार गेट के पास खड़े थे, तभी उसी परिसर में रहने वाले अजय बागुल ने पुराने विवाद को लेकर उनसे बहस शुरू कर दी। विवाद गाली-गलौच और हाथापाई में बदल गया। वसीटा ने समझाने की कोशिश की, लेकिन बागुल ने हाथ में रखा कोयता निकालकर हमला करने की कोशिश की। सड़क पर मौजूद लोगों ने बागुल का हाथ रोककर हंसिया छीन लिया। वसीटा ने तुरंत विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने उनके खिलाफ जान से मारने, गाली-गलौज और धमकी देने के आरोपों में मामला दर्ज किया है और आगे की जांच जारी है।

## नवी मुंबई में मेड-इन-इंडिया सर्जिकल रोबोट का आगमन

डीबीडी संवाददाता । नवी मुंबई

पुणे में सफलता के बाद, एसएस इनोवेशन्स इंटरनेशनल (एसएसआईआई) – भारत की पहली स्वदेशी सर्जिकल रोबोट बनाने वाली कंपनी – ने महाराष्ट्र में नया पड़ाव हासिल किया। कंपनी की 'मंत्राम' सर्जिकल रोबोट यात्रा एमजीएम मेडिकल कॉलेज अस्पताल, कामोठे पहुँचकर डॉक्टरों और मेडिकल छात्रों के लिए अत्याधुनिक तकनीक का परिचय कराती है।

### हेंड्स-ऑन वर्कशॉप और लाइव डेमो



कार्यक्रम की शुरुआत मंत्राम मोबाइल सिम्युलेशन बस में आयोजित हेंड्स-ऑन रोबोटिक सर्जरी वर्कशॉप से हुई। इसमें डॉक्टरों, सर्जनों और मेडिकल छात्रों को मंत्रा 3.0 रोबोटिक प्लेटफॉर्म की क्षमताओं का प्रत्यक्ष अनुभव मिला। साथ ही लाइव डेमो, विशेषज्ञ प्रशिक्षण और कंटीन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन (CME) सत्र आयोजित किए गए, जिसमें सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. जागेश्वर पांडे ने रोबोटिक केस प्रेजेंटेशन दिया।एसएसआईआई के इंडिया सीईओ चंदर शेखर सिबल ने बताया कि यह यात्रा केवल डेमो नहीं, बल्कि एक आंदोलन है। इसका उद्देश्य डॉक्टरों को स्किल डेवलपमेंट का अवसर देना और रोबोटिक सर्जरी को अधिक किफायती व सुलभ बनाना है। इस यात्रा के दौरान राज्यभर में 500+ किलोमीटर का सफर तय किया जाएगा, 1000+ स्वास्थ्य पेशेवरों को जोड़ा जाएगा और प्रमुख अस्पतालों व शैक्षणिक केंद्रों में इमर्सिव ट्रेनिंग उपलब्ध कराई जाएगी।

# अहिल्यानगर में भारी बारिश से कृषि प्रभावित

## कृषि मंत्री दत्तात्रेय भराणे ने शेवगांव और पाथर्डी तालुका के इलाकों का किया निरीक्षण

डीबीडी संवाददाता । मुंबई/अहिल्यानगर

13 से 22 सितंबर के बीच हुई भारी बारिश से अहिल्यानगर जिले में व्यापक नुकसान हुआ है। बारिश के चलते 755 गाँव प्रभावित हुए और 3 लाख 23 हज़ार 196 किसानों की फसलें प्रभावित हुई हैं। खरीफ फसलों को सबसे अधिक नुकसान हुआ है, और प्रारंभिक अनुमान के अनुसार 2 लाख 29 हज़ार 97 हेक्टेयर क्षेत्र प्रभावित हुआ है।

### प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण

कृषि मंत्री दत्तात्रेय भरणे आज अहिल्यानगर के प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने शेवगांव तालुका के भगूर और पाथर्डी तालुका के करंजी गांवों का दौरा किया और बांधों पर सीधे किसानों की स्थिति देखी। निरीक्षण के दौरान कई किसानों ने अपने नुकसान की जानकारी मंत्री के सामने रखी। भारी बारिश के कारण बांध ओवरफ्लो हो गए और नदियाँ भर गईं, जिससे कई गाँव प्रभावित हुए।



### अगस्त का पंचनामा और मुआवज़ा

सरकारी निर्णय के अनुसार, अगस्त महीने का पंचनामा पूरा हो चुका है और किसानों को मुआवज़ा प्रदान किया गया है। अगस्त में जिले के 140 किसानों को नुकसान हुआ था और 71 हेक्टेयर क्षेत्र प्रभावित हुआ था। इस आधार पर किसानों को कुल 6 लाख 30 हज़ार रुपये प्रदान किए गए। यह जानकारी कृषि मंत्री दत्तात्रेय भरणे ने दी।

### 2 लाख 99 हजार 818 हेक्टेयर क्षेत्र प्रभावित

अहिल्यानगर जिले में माहे, अगस्त और सितंबर में कुल 2 लाख 99 हजार 818 हेक्टेयर क्षेत्र प्रभावित हुआ। अकेले सितंबर महीने में 2 लाख 53 हजार 636 हेक्टेयर प्रभावित हुआ। राज्य स्तर पर, अगस्त और सितंबर में कुल 33 लाख 51 हजार 175 हेक्टेयर क्षेत्र प्रभावित हुआ। भारी बारिश से सोयाबीन, कपास, अरहर, मूंग, उड़द, ज्वार, सब्जियाँ, फलों की फसलें और मक्का सहित कई खरीफ फसलों को बड़ा नुकसान हुआ। अहिल्यानगर, पारनेर, पाथर्डी, कर्जत, जामखेड, श्रीगोंडा, श्रीरामपुर, राहुरी, नेवासा, शेगांव, संगमनेर, अकोले, कोपरगांव और राहता तालुकों में किसानों को गंभीर नुकसान हुआ।

# नवी मुंबई मनपा पर कब्जा के लिए शिंदे गुट की चुनावी तैयारी तेज

- शनिवार सभा के बाद पदाधिकारियों के साथ रणनीतिक बैठक

डीबीडी संवाददाता । नवी मुंबई

नवी मुंबई महापालिका चुनाव को देखते हुए उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे इस शनिवार (27 सितंबर) पूरे दिन नवी मुंबई दौरे पर रहेंगे। ऐरोली विधानसभा क्षेत्र के विष्णुदास भावे नाट्यगृह में आयोजित सभा में कई स्थानीय नेताओं को शिंदे गुट में शामिल कराया जाएगा। इसके बाद वाशी स्थित पंचतारांकित होटल में शिंदे पार्टी पदाधिकारियों के साथ रणनीतिक बैठक करेंगे।

### गुटों का समर्थन और स्थिति



वर्तमान में शिंदे गुट के पास 43 पूर्व नगरसेवकों का समर्थन है, जबकि नाईक-भाजपा गुट के पास 58 नगरसेवकों का समर्थन है। महाविकास आघाड़ी अपेक्षाकृत कमजोर स्थिति में है, जिससे आगामी चुनाव में प्रमुख मुकाबला दो मुख्य गुटों के बीच ही देखने को मिलने की संभावना जताई जा रही है।

### चुनावी समीकरण में बढ़ा तनाव

वनमंत्री गणेश नाईक और शिंदे गुट के बीच बढ़ते टकराव ने चुनावी माहौल गरमाया है। जनता दरबार, सिडको भूखंड बिक्री, बारवी धरण के पानी और विकास आराखड़े जैसे मुद्दों पर दोनों पक्ष आमने-सामने हैं। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि नवी मुंबई महापालिका चुनाव में मुकाबला नाईक बनाम शिंदे का सीधा टकराव होगा।

# फडणवीस कैबिनेट में होगा फेरबदल

## • कई मंत्रियों का कट सकता है पत्ता, मुंडे को फिर मिलेगी कुर्सी!



**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

मार्च 2025 के बजट सत्र में मंत्री पद गंवाने वाले धनंजय मुंडे की फिर से मंत्री बनने की अटकलें तेज हो गई हैं। राजनीतिक सूत्रों के मुताबिक, जल्द ही मंत्रिमंडल में फेरबदल हो सकता है, जिसमें मुंडे को फिर से मंत्री बनने का मौका मिल सकता है। उप मुख्यमंत्री अजीत पवार और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की रणनीतियों के तहत तानाजी सावंत (शिवसेना) को भी मंत्री पद मिल सकता है, जबकि राकां के नेता नरहरी झिरवल को पद से हाथ धोना पड़ सकता है।

### मुंडे की वापसी की संभावनाएं

धनंजय मुंडे बीज जिले के मस्साजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के बाद मंत्री पद गंवाने के बाद से ही महायुति कैबिनेट में वापसी के लिए प्रयासरत थे। हाल ही में नागपुर में आयोजित डीसीएम अजीत पवार के राकां चिंतन शिविर में मुंडे ने वरिष्ठ नेताओं के सामने मंत्री बनने की गुहार लगाई। उन्होंने कहा था, 'अगर मैं कोई गलती करूं तो मेरे कान मरोड़ लीजिए, लेकिन मुझे बड़ी जिम्मेदारी दें।' अजीत पवार और सुनील तटकरे ने इस पर सकारात्मक संकेत दिए। मुंडे की वापसी को लेकर सियासी रणनीतियों पर भी नजर है। उप मुख्यमंत्री अजीत पवार और मुख्यमंत्री शिंदे की रणनीतियों के तहत मंत्रिमंडल में फेरबदल का फैसला जल्द लिया जा सकता है। तानाजी सावंत के साथ मुंडे की एंट्री संभावित है, जबकि नरहरी झिरवल को संगठन में कोई अन्य जिम्मेदारी दी जा सकती है।

### निकाय चुनावों का असर

निकाय चुनावों की तैयारी भी मुंडे की वापसी की संभावनाओं को बढ़ा रही है। सर्वोच्च न्यायालय ने निकाय चुनाव 31 जनवरी 2026 से पहले कराने का आदेश दिया है। अजीत पवार बीड़ और आसपास के इलाकों में मुंडे के जनाधार का लाभ उठाने की कोशिश करेंगे। इस चुनावी रणनीति के तहत मुंडे को मंत्री बनाया जा सकता है, जबकि झिरवल को संगठन में अन्य जिम्मेदारी दी जाएगी।

### मुंडे की पूर्व पत्नी करुणा मुंडे का विरोध

धनंजय मुंडे की पूर्व पत्नी करुणा मुंडे ने उनके मंत्री पद की संभावनाओं पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि मुंडे को पद की आवश्यकता नहीं है क्योंकि वे अभी भी विधायक हैं और कार्य करने का पूरा अवसर पा सकते हैं। करुणा ने यह सुझाव भी दिया कि मुंडे अपनी संपति बेचकर बीड़ और परली के किसानों को मदद करें, जिससे 50,000 करोड़ रुपए की तत्काल मदद संभव हो सकती है।

# गैस रिसाव के कारण लगी भीषण आग

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**



कांदिवली (पश्चिम) के मिलिट्री रोड इलाके में बुधवार सुबह रसोई गैस सिलेंडर से गैस लीक होने के कारण भीषण आग लग गई। यह हादसा राम किसन मेस्त्री चॉल में स्थित एक टिफिन सेवा की दुकान में करीब 9 बजे हुआ। आग के चलते सात लोग गंभीर रूप से झुलस गए और उन्हें अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार छह लोग 70 से 90 प्रतिशत तक झुलस गए हैं, जिनमें से तीन की हालत गंभीर बताई गई है। दुकान में रखा एलपीजी सिलेंडर लीक हो रहा था, लेकिन किसी ने इसका ध्यान नहीं दिया। अचानक विस्फोट के साथ आग फैल गई। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया। घायलों को कांदिवली के ईएसआईसी और बीडीबीए अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें बर्न अस्पताल समेत अन्य अस्पतालों में स्थानांतरित किया गया। झुलसे लोगों के नाम हैं: शिवानी गांधी (51), नीतू गुप्ता (31), जानकी गुप्ता (39), मनाराम कामकट (55), रक्षा जोशी (47), दुर्गा गुप्ता (30), और पूनम (28)।

## 7 लोग गंभीर झुलसे, 3 की हालत चिंताजनक

### कुर्ला में भी लगी आग

बुधवार दोपहर 12 बजे के करीब कुर्ला के जरीमरी इलाके में झोपड़ों में आग लग गई, जिसमें सात झोपड़े जल गए, लेकिन किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

# मछुआरा कल्याण निगम की स्थापना की जाएगी: राणे



**दीपक पवार । मुंबई**

मत्स्य पालन एवं बंदरगाह मंत्री नितेश राणे ने निर्देश दिए हैं कि समुद्री और मीठे जल में मत्स्य पालन करने वाले मछुआरों के लिए कल्याण निगम की स्थापना शीघ्र पूरी की जाए। यह निगम इस महीने के अंत तक स्थापित करने की योजना है, ताकि मछुआरों के कल्याण और उनकी सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा को सुदृढ़ किया जा सके।

### प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना पर समीक्षा

मंत्री नितेश राणे ने मंत्रालय में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की समीक्षा बैठक में कहा कि योजना के अंतर्गत उपलब्ध बड़ी धनराशि बुनियादी ढाँचे के विकास पर खर्च की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इन परियोजनाओं का काम फरवरी तक पूरा कर लिया जाना चाहिए और जिन परियोजनाओं की शुरुआत नहीं हुई है, उन्हें प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना 2 में शामिल करने के लिए कदम उठाए जाएँ।

### व्यक्तिगत लाभार्थियों पर विशेष ध्यान

राणे ने यह भी कहा कि व्यक्तिगत लाभार्थी योजनाओं पर जोर दिया जाना चाहिए ताकि योजना के तहत उपलब्ध पूरी धनराशि का उपयोग हो सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि व्यय की योजना मामले-दर-मामला आधार पर बनाई जाए, जिससे संसाधनों का प्रभावी और पारदर्शी उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।

# मेट्रो ट्रेन में खराबी के कारण मेट्रो सेवा बाधित

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**



**मुंबई।** भायंदर-मीरा रोड से दहिसर तक मेट्रो 9 रूट पर सुबह करीब 7.30 बजे चारकोप कार शेड से रवाना हुई मेट्रो ट्रेन ओवरीपाड़ा स्टेशन पर तकनीकी कारणों से रुक गई। इस कारण मेट्रो 7 और मेट्रो 2A रूट पर यातायात प्रभावित हुआ। यात्रियों की सुविधा के लिए महा मुंबई मेट्रो ने वैकल्पिक मेट्रो सेवाएं चलाकर राहत देने की कोशिश की, लेकिन व्यस्त समय में यह घटना यात्रियों के लिए असुविधाजनक साबित हुई। मेट्रो 9 के ट्रायल के बाद, जब ट्रेन मेट्रो 7 रूट की ओर जा रही थी, तो दहिसर (पूर्व) में पॉइंट सेक्शन के पास एक छोटी तकनीकी खराबी आ गई। इससे दोनों मेट्रो रूट पर यातायात बाधित हुआ और महा मुंबई मेट्रो ने यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष कदम उठाए। आरे और ओवरीपाड़ा के बीच लूप ऑपरेशन शुरू किया गया, जिसमें एक ही ट्रैक पर दोनों दिशाओं में मेट्रो सेवाएं संचालित की गईं।

### यात्रियों को असुविधा

गुंडावली और आरे के बीच छोटी लूप सेवाएं जारी रहीं, जबकि अंधेरी पश्चिम और दहिसर पश्चिम मेट्रो 2A के बीच सभी स्टेशनों पर सेवाएं पूरी क्षमता से चल रही थीं। खराब मेट्रो को हटाने में लगभग 11 बजे तक समय लगा, जिसके बाद दोनों मार्गों पर यातायात सुचारू रूप से बहाल हुआ। हालांकि, चूँकि यह घटना व्यस्त समय में हुई, यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा।

# एक महीने का वेतन मुख्यमंत्री सहायता निधि में देंगे राकांपा अजित गुट के नेता

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**



राज्य में हुई अतिवृष्टि और बाढ़ के कारण उत्पन्न आपातकालीन स्थिति में तात्कालिक राहत पहुंचाने के लिए राकांपा (अजित) ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष और सांसद सुनील तटकरे ने बताया कि सभी मंत्री, सांसद और विधायक एक महीने का पूरा वेतन मुख्यमंत्री सहायता निधि में जमा करेंगे। यह कदम पार्टी अध्यक्ष अजित पवार के निर्देश पर उठाया जा रहा है। तटकरे ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री अजित पवार स्वयं अपने सहकारी मंत्रियों के साथ बाढ़ग्रस्त जिलों का दौरा कर हालातों की प्रत्यक्ष समीक्षा कर रहे हैं। उनका उद्देश्य प्रभावित नागरिकों को तुरंत राहत पहुँचाना और प्रशासन की सभी व्यवस्थाओं को सक्रिय रखना है।

### जनता के साथ पार्टी की प्रतिबद्धता

तटकरे ने यह भी कहा कि किसान, मजदूर और आम जनता इस कठिन समय में जिन चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, राकांपा (अजित) उनके साथ मजबूती से खड़ी है। यह सिर्फ शुरुआत है, और भविष्य में और भी राहत और पुनर्वास के उपायों की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह निर्णय पार्टी की सामाजिक प्रतिबद्धता के साथ-साथ यह भी दर्शाता है कि राकांपा (अजित) केवल सत्ता में नहीं बल्कि संकट के समय जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।


**मध्य रेल**
सोलापूर मंडल
विद्युत कार्य
**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर सामान्य, मध्य रेल, सोलापुर, निम्नलिखित कार्य के लिए ख्याति प्राप्त, अनुभवी और लाईसेंसधारी विद्युत ठेकेदारों से रेल्वे की ई प्रोक्यूरमेंट वेबसाइट www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन ई–निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा क्रं.**: सोला/वि./नि/2025/17, **कार्य का नाम** : सोलापुर डिवीजन के धाराशिव रेलवे स्टेशन क्वार्टर में 11 केवी एचटी लाइन के स्थानांतरण के संबंध में विद्युत सामान्य सेवा भाग का कार्य।, **कार्य की लागत** : रु. 987610.66/–, **बोली प्रतिभूति** : रु. 19,800.00/–, **कार्य पुरा करने की अवधि** – 04 माह।, **निविदा प्रस्ताव की वैधता** : 60 दिन। **वेबसाइट पर निविदा बंद होने की तिथि और समय** : दि. 17/10/2025 को 15:00 बजे। बोली प्रतिभूति राशि की रकम का भुगतान ई–पेमेंट द्वारा वेबसाइट www.ireps.gov.in पर करना है।

SUN 78 — वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)
अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे



**मध्य रेल**
सोलापूर मंडल
सामग्री खरेदी

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी तरफ से मंडल सामग्री कार्यालय मध्य रेल, सोलापुर, निम्नलिखित कार्यों के लिए सक्षम, प्रतिष्ठित फर्मो/ठेकेदारों से रेलवे की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन ई-निविदाएं आमंत्रित करता है. **टेंडर नं.: 9625SWT03, क्र. सं. 1, पी.एल.कोड (ग्रुप)** - 96NS6155, **आइटम प्रकार जीएसटी (हां/नही)** - गुड्स (हां), **स्टॉक / नॉन स्टॉक** - नॉन स्टॉक, **ऑर्डरिंग** : ----, **कंसीडर फॉर इवैल.** - हां, **एप्रूविंग एजेंसी** - आरडीएसओ, **इंस्पेक्शन एजेंसी** - टीपीआई एजेंसी, **करेंसी अलाउड** - आईएनआर, **एस्टीमेटेड रेट** - , **विवरण:** 10125 मिमी प्री कर्ल्ड/कर्ल्ड स्विच का निर्माण और आपूर्ति, जेडयू-1-60/60ई1ए1 थिक वेब ग्रेड आर-260 उच्च गुणवत्ता वाली टंग रेल और स्टॉक रेल के साथ इलास्टिक फास्टनर और स्प्रिंग संचालित सेटिंग डिवाइस (आरडीएसओ-टी/6216 परिवर्तनों के साथ पढ़ें), 1 इन 12 के लिए सभी फिटिंग के साथ पूर्ण (चेक रेल के साथ), पीएससी स्लीपर्स पर पंखे के आकार के लेआउट के लिए बीजी 60 किग्रा टर्न आउट, अर्थात आरडीएसओ के मानक ड्राइंग संख्या 6154 (नवीनतम परिवर्तनों के साथ पढ़ें) के अनुसार सब असेंबली ड्राइंग संख्या टी-6155 (परिवर्तन 13) (नवीनतम परिवर्तनों के साथ पढ़ें) के अनुसार स्विच भाग के लिए सभी फिटिंग, स्टैंडर्ड फिश प्लेट, फिश बोल्ट और नट ईआर क्लिप, इंसुलेटिंग लाइनर को छोड़कर। विनिर्देश: i) आई.आर.एस. -टी - 10-2025- थिक वेब स्विच के लिए, ii) आईआरएस - टी - 62 2025 - थिक वेब एसिमिट्रिकल रेल की एंड फोर्जिंग के लिए। नोट: (1) प्री-कर्विंग आरडीएसओ के पत्र संख्या CT/PTX/TWS/Design दिनांक 06.07.2023 के अनुसार की जाएगी। नोट:- I) टंग रेल के लिए जेडयू-1-60/60ई1ए1 थिक वेब आर-260 रेल की व्यवस्था विक्रेता द्वारा अपने खर्चे पर की जाएगी। स्टॉक रेल और चेक रेल (आर-260) के लिए रेल की व्यवस्था भी रेलवे बोर्ड के दिनांक 24.01.2022 और 31.07.2023 के पत्र संख्या 2022/ट्रैक-1 (पी)/फैब्रिकेटर्स के अनुसार आपूर्तिकर्ता द्वारा अपने खर्चे पर की जाएगी। II) नवीनतम परिवर्तनों का अर्थ इस ई-निविदा के समापन की तिथि तक आरडीएसओ द्वारा जारी नवीनतम परिवर्तन होंगे। बाएं/दाएं भाग की मात्रा, कवरेज पीओ के साथ संलग्न अनुलग्नक-1 में दी जाएगी। कर्व्ड/प्री कर्व्ड मात्रा - डिग्री सहित समान/विपरीत फ्लेक्सर, कवरेज पीओ के साथ अनुलग्नक-1 में दी जाएगी। वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के 30 महीने बाद। [क्वांटिटी टोलरेंस (+/-): 0 प्रतिशत, आइटम कैटेगरी: सामान्य, कुल पीओ मूल्य में अनुमत परिवर्तन: अधिकतम 8 लाख] **प्रेषिती (कंसाइनी)** - एसीई/पी-वे/स्टोर/सोलापुर, महाराष्ट्र, 100.00 सेट. **इंस्पेक्शन विवरण:** उत्पाद निरीक्षण: चरण 1: मेटालर्जिकल और डाइमेंशनल निरीक्षण (पीओ मात्रा का 100%), चरण 2: अंतिम निरीक्षण (पीओ मात्रा का 100%). **यूवीएएम आइटम रिफ.: आइटम आईडी:** थिक वेब स्विचेज, थिक.सब आइटम आईडी 3100582001- थिक वेब स्विचेज, **बयाना राशि (INR):** रु. 1553640/-, **www.ireps.gov.in पर टेंडर बंद होने की तिथि और समय:** 29/09/2025, 11:30 के बाद, संभावित निविदाकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे निविदा समाप्ति की तिथि से पहले वेबसाइट पर विजिट करते रहें ताकि इस निविदा के लिए जारी किए गए किसी भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र पर ध्यान दिया जा सके. वेबसाइट: www.ireps.gov.in.

वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक
SUN 80
अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है



**मध्य रेल**
सोलापूर मंडल
सामग्री खरेदी

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी तरफ से मंडल सामग्री कार्यालय मध्य रेल, सोलापुर, निम्नलिखित कार्यों के लिए सक्षम, प्रतिष्ठित फर्मो/ठेकेदारों से रेलवे की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन ई-निविदाएं आमंत्रित करता है. **टेंडर नं.: 9625NCR01, क्र. सं. 1, पी.एल.कोड (ग्रुप)** - 96NS4218, **आइटम प्रकार जीएसटी (हां/नही)** - गुड्स (हां), **स्टॉक / नॉन स्टॉक** - नॉन स्टॉक, **ऑर्डरिंग** : ----, **कंसीडर फॉर इवैल.** - हां, **एप्रूविंग एजेंसी** - आरडीएसओ, **इंस्पेक्शन एजेंसी** - टीपीआई एजेंसी, **करेंसी अलाउड** - आईएनआर, **एस्टीमेटेड रेट** - , **विवरण:** गुड्स, 1:12/60 किग्रा टर्नआउट पर रेल के नीचे लगाने हेतु 6 मिमी मोटी नायलॉन कॉर्ड रिइन्फोर्ड जीआरएसपी का निर्माण और आपूर्ति, आरडीएसओ ड्राइंग संख्या टी-4218 (परिवर्तन-9) के अनुरूप, या सीएस से आईआरएस विनिर्देश संख्या टी-55-2025 (संशोधन 1) के अनुरूप (निविदा समापन तिथि तक नवीनतम परिवर्तन और संशोधित विनिर्देशों के साथ) (अनुलग्नक 'ए' के अनुसार एक सेट में आपूर्ति की जाने वाली नायलॉन कॉर्ड रिइन्फोर्ड जीआरएसपी की सूची). [**वारंटी अवधि:** डिलीवरी की तारीख से 30 महीने बाद] [**क्वांटिटी टोलरेंस (+/-):** 0 प्रतिशत, **आइटम कैटेगरी:** सामान्य कुल पीओ मूल्य में अनुमत परिवर्तन: अधिकतम 8 लाख] **प्रेषिती (कंसाइनी)** - एसीई/पी-वे/स्टोर/सोलापुर, महाराष्ट्र, 2000 सेट. **इंस्पेक्शन विवरण:** स्टेज इंस्पेक्शन की आवश्यकता नही है। **यूवीएएम आइटम रिफ.: आइटम आईडी:** - 3100584 - रेल पैड्स, सब आइटम आईडी:- 3100584003 - एनसीआर जीआरएसपी, **बयाना राशि (INR):** रु. 849600/-, **www.ireps.gov.in पर टेंडर बंद होने की तिथि और समय:** 13/10/2025, 11:30 के बाद, संभावित निविदाकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे निविदा समाप्ति की तिथि से पहले वेबसाइट पर विजिट करते रहें ताकि इस निविदा के लिए जारी किए गए किसी भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र पर ध्यान दिया जा सके. वेबसाइट: www.ireps.gov.in.

SUN 81 — वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक
अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है



**मध्य रेल**
मुंबई मंडल
ईएमयू के लिए प्लेटफार्म विस्तार के संबंध में सिग्नलिंग कार्य
**खुली निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (एस एंड टी), प्रथम तल, पार्सल कार्यालय भारत के राष्ट्रपति और केंद्रीय रेलवे, मुंबई सीएसटी ४०० ००१ की ओर से प्रतिष्ठित ठेकेदारों से खुली निविदाओं के लिए आमंत्रित किया गया है। **अ क्र - 1, कार्य का नाम** - मुंबई मंडल के कलवा एलएल, कलवा थ्रू मुंब्रा एलएल, मुंब्रा थ्रू और दिवा थ्रू स्टेशनों पर 15 कार ईएमयू के लिए प्लेटफार्म विस्तार के संबंध में सिग्नलिंग कार्य। **निविदा सूचना नं. सीआर/बीबी/सं.एवंदु.सं. दक्षिण/2025/54, लगभग मूल्य** - Rs. 6.23/- करोड़, **खुलने की तारीख** - 17/10/2025, **ईएमडी** - Rs 461800/-, **वैधता** - 60 दिन, **समापन अवधी** - 12 महीने, **अ क्र - 2, कार्य का नाम** - विक्रोली स्टेशनों पर 15 कार ईएमयू के लिए प्लेटफार्म विस्तार के संबंध में सिग्नलिंग कार्य। **निविदा सूचना नं. सीआर/बीबी/सं.एवंदु.सं.दक्षिण/2025/55, लगभग मूल्य** - Rs. 1.44/- करोड़, **खुलने की तारीख** - 17/10/2025, **ईएमडी** - Rs 222400/-, **वैधता** - 60 दिन, **समापन अवधी** - 12 महीने, यह निविदा 15/06/2017 दिनांकित सार्वजनिक खरीद नीति (भारत में बनाओ) आदेश 2017 का अनुपालन करती है. निविदाओं का पूरा ब्यौरा मध्य रेलवे में उपलब्ध है। आधिकारिक वेबसाइट www.ireps.gov.in पूरी निविदा दस्तावेजों को वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदाओं का पूरा विवरण मंडल रेल प्रबंधक (एस एंड टी) के कार्यालय, मुंबई सीएसटी के "नोटिस बोर्ड" में भी उपलब्ध है।

मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दू.सं.)
छ.शि.म.ट. मुंबई
SUN 490
अपने जानवरों को रेल लाइन से दूर रखे



**मध्य रेल**
सोलापूर मंडल
विद्युत कार्य (गति शक्ति यूनिट)
**ई-निविदा सूचना क्र. 05-2025-GSU-Elect-G**

मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति), सोलापुर, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से दिनांक को बजे तक निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। **कार्य का नाम** - विद्युत सामान्य सेवा कार्य, (क) पार्सल और गुड्स शेड से संबंधित सुविधाओं का प्रावधान (i) सोलापुरः सीजीएस और पार्सल कार्यालय का प्रावधान (ii) कलबुर्गी: पार्सल कार्यालय का प्रावधान (iii) कुर्दुवाडीः हमाल कक्ष और सीजीएस कार्यालय का प्रावधान (iv) वाडीः पार्सल कार्यालय और स्टोर रूम का प्रावधान (v) पंढरपुरः हमाल कक्ष का प्रावधान (ख) वाडी - वाडी स्टेशन के प्लेटफार्म 1/2 और 3/4 का पुनर्निर्माण और अन्य सुधार कार्य। **अनुमानित लागत** - रु. 1,70,95,922.48/-, **बयाना रकम** - रु. 2,35,500.00/- **समापन की अवधि** - 12 (बारह) महीने, **अनुरक्षण की अवधि** - स्थापना के चालू होने/अधिग्रहण की तारीख से 12 (बारह) महीने। **वेबसाइट ई-निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तारीख और समय** - 20.10.2025 up to 15.00 hrs, **वेबसाइट ई-निविदा खोलने की तारीख और समय** - 20.10.2025 after 15.30 hrs. **वेबसाइट विवरण** - www.ireps.gov.in, निविदाकारोंसे निवेदन है की कोइ बदलाव/शुद्धिपत्र (यदि हो) के लिये Website: www.ireps.gov.in पर ट्रेडंर बंद होने की तारीख तक समय समय पर भेट दे।

SUN 79 — मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति)
अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है



**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**
मुख्य अभियंता (यांत्रिक एवं विद्युत) विभाग
सं. E.E.MECH/3280/REF/दिनांक 24.09.2025
**ई-निविदा सूचना**

विषयः विले पार्ले (पश्चिम) स्थित आर.एन. कूपर अस्पताल के विभिन्न विभागों में स्थापित स्प्लिट एसी इकाइयों की दो वर्ष की अवधि के लिए व्यापक सर्विसिंग एवं रखरखाव अनुबंध। (T-53/25-26)

| | |
|---|---|
| बोली संख्या | 2025_MCGM_1221368_1 |
| बोली प्रारंभ तिथि एवं समय | 25.09.2025 प्रातः 11:00 बजे |
| बोली समाप्ति तिथि एवं समय | 01.10.2025 अपराह्न 16:00 बजे |
| वेबसाइट | http://portal.www.mcgm.gov.in |
| संपर्क अधिकारी का नाम | श्री ए.के. जम्भोरे |
| मोबाइल नंबर | 9930128387 |
| ईमेल | eemechref.me@mcgm.gov.in |

पीआरओ/1710/विज्ञा./2025-26
हस्ता/-
ई.ई. यांत्रिक (प्रशीतन)
हल्का बुखार होने पर डॉक्टर से मिलें।



**मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल**
(महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी की एक क्षेत्रीय इकाई)
म्हाडा MHADA
दूरभाष क्रमांक 022-66405250, ई-मेल - eee.east1@gmail.com
सं. ईई/पूर्व/एमएसआईबी/ई-निविदा/श्रम समिति/36/2025-26

कार्यपालक अभियंता (पूर्व) प्रभाग, मुंबई स्लम सुधार बोर्ड, (म्हाडा की इकाई) कमरा क्रमांक 536, चौथी मंजिल, गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व), मुंबई 400051, फ़ोन क्रमांक (022) 66405251, श्रम सहकारी समिति से बी1 (प्रतिशत दर) के रूप में 15 कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित कर रहा है। डीडीआर, पूर्व, उपनगर, मुंबई में पंजीकृत संस्थाएँ ऑनलाइन ई-टेंडरिंग प्रणाली का उपयोग कर सकती हैं। विस्तृत निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज़ महाराष्ट्र सरकार के पोर्टल https://mahatenders.gov.in से उपलब्ध और डाउनलोड किए जा सकते हैं। बोली दस्तावेज़ वेबसाइट पर अपलोड किए जा सकते हैं। निविदा दस्तावेज़ों की बिक्री दिनांक 26/09/2025, दोपहर 03.05 बजे से शुरू होकर दस्तावेज़ों की बिक्री की अंतिम तिथि 03/10/2025, शाम 6.15 बजे तक होगी। यदि कोई शुद्धिपत्र/संशोधन हो, तो उसे केवल https://mahatenders.gov.in वेबसाइट पर प्रकाशित किया जा सकता है। सक्षम प्राधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। सशर्त प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएँगे।

Follow us: @mhadaofficial
सीपीआरओ/ए/739
हस्ता/-
कार्यकारी अभियंता (पूर्व),
एम.एस.आई.बी. बोर्ड, मुंबई
म्हाडा-राष्ट्र का अग्रणी गृहनिर्माण प्राधिकरण



**MAHAGENCO**
Maharashtra State Power Generation Co. Ltd.
**E-TENDER NOTICE**

**Tender Specification No.** Civil-III/HO/Rfx No. 3000061347/FY-2025-26.
**Name of work:** Biennial Maintenance & servicing of fans including rewinding of fans installed by MSPGCL and maintenance of regular electrical installations at Prakashgad, Dharavi and Hdil offices, residential quarters at Mumbai.

| | |
|---|---|
| **Sale start date:** 25.09.2025 at 11:00 Hrs. to 15.10.2025 up to 17:00 Hrs. | **Submission Date :** 16.10.2025 up to 11:00 Hrs. |

Kindly see the company's website https://eprocurement.mahagenco.in. For detailed tender notice.

**Contact person-** Executive Engineer (c), O/o Chief Engineer (Civil) -III, M.S.P.G. Co. Ltd., Mumbai **Fax :**(022)26581469 **Tel.No.** 022-26474211 extn. 2590, 26472131

Sd/-
Chief Engineer (C)-III, MSPGCL, Mumbai



**कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका, कल्याण**
समाज विकास विभाग
**निविदा/सूचना क्र.१ (सन २०२५-२६) प्रथम निविदा**

उप-आयुक्त (समाज विकास विभाग) कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका खालील कामाकरिता अनुभवी स्वयंसेवी संस्था (NGO) यांच्याकडून QCBS (Quality Cum Cost Base Selection) नुसार

इ- टेंडरिंग पद्धतीने देकार मागवीत आहे

| अ. क्र. | कामाचे नाव, स्वरूप व तपशील | निविदा अनामत रक्कम | निविदा अर्ज विक्री किंमत |
|---|---|---|---|
| १ | समाज विकास विभागांतर्गत मौजे आयरे, पांडुरंगवाडी, डोंबिवली (पूर्व) येथील शहरी बेघर निवारा केंद्राचे पुढील 3 वर्ष कालावधीसाठी देखभाल व व्यवस्थापन (O&M) करणेबाबत | १,४०,८२७/- | २८,५००/- + (GST) |

इच्छुक ठेकेदारांना हि निविदा www.mahatenders.gov.in या संकेत स्थळावरून खरेदी करून भरता येईल
निविदा अर्जाची विक्री दि. २५/०९/२०२५ ते ०३/१०/२०२५ पर्यंत दुपारी ०३:०० वाजेपर्यत विक्रीसाठी उपलब्ध राहील.
निविदा दि. २५/०९/२०२५ ते ०३/१०/२०२५ पर्यंत दुपारी ०४:०० वाजेपर्यंत ऑनलाईन स्वीकारण्यात येईल.
अधिक माहितीसाठी www.mahatenders.gov.in या संकेत स्तळावर निविदा भरता येईल. सदरच्या निविदेची विक्री स्वीकृती दिलेल्या संकेत स्थळाद्वारेच केली जाईल याची नोंद घ्यावी तसेच निविदा QCBS ( Quality Cum Cost Base Selection) नुसार संस्था अंतिम निवड करताना तांत्रिक बाबीसाठी ७०% आणि आर्थिक बाबीसाठी ३०% नुसार गुणांकन करण्यात येईल.
निविदा दि. ०६/१०/२०२५ रोजी दुपारी ०४:०० व. नागरी सुविधा केंद्र, कल्याण येथे उपस्थित निविदाकार किंवा त्यांचे प्रतिनिधी यांच्या समक्ष उघडण्यात येतील.
सदर निविदा कोणतेही कारण न देता नाकारण्याचे अधिकार मा. आयुक्त कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका यांनी राखून ठेवलेले आहेत.

Signed by
Sanjay Shivaji Jadhav
Date: 23-09-2025 18:56:19
(संजय जाधव)
उप-आयुक्त (समाज विकास विभाग)
कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका, कल्याण

जा.क्र. कडोंमपा/जसंवि/५४०
२४/०९/२०२५

संपादकीय

# चुनौतियों और अवसरों का संतुलन

भारत की मौजूदा परिस्थितियाँ अनेक आयामों में जटिलता और अवसर दोनों का संगम प्रस्तुत करती हैं। राजनीतिक परिदृश्य में विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच तीखी बयानबाज़ी, आरोप-प्रत्यारोप और रणनीतिक संघर्ष देखने को मिल रहा है। संसद से लेकर सड़क तक और मीडिया से लेकर सोशल मीडिया तक, बहस का माहौल गर्म है। चुनावी राज्यों में राजनीतिक सरगर्मियाँ और भी तेज़ हो गई हैं, जहाँ वादों और घोषणाओं की बाढ़ सी आ गई है। आम जनता भी इस खींचतान को गहराई से देख रही है और उम्मीद लगाए बैठी है कि राजनीति केवल सत्ता पाने का माध्यम न बनकर विकास और जनकल्याण की राह दिखाए।

आर्थिक दृष्टिकोण से भारत इस समय संक्रमण के दौर में है। एक तरफ़ देश दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी पहचान बना रहा है, तो दूसरी ओर महंगाई, बेरोज़गारी और असमानता जैसी चुनौतियाँ गंभीर चिंता पैदा कर रही हैं। शेयर बाज़ार में तेज़ी और गिरावट का सिलसिला जारी है और विदेशी निवेशक लगातार अवसर और जोखिम का मूल्यांकन कर रहे हैं। रुपये की मज़बूती या गिरावट का असर सीधा आम नागरिक के जीवन पर पड़ता है, क्योंकि आयात-निर्यात, तेल की क़ीमतें और रोज़मर्रा की वस्तुओं की लागत इसी पर निर्भर करती है। सरकार की कई योजनाएँ – जैसे 'मेक इन इंडिया', 'स्टार्टअप इंडिया', और 'डिजिटल इंडिया' – नई संभावनाओं के द्वार खोल रही हैं, लेकिन इनसे वास्तविक लाभ कितनी व्यापकता से लोगों तक पहुँच रहा है, यह अभी भी सवाल बना हुआ है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की स्थिति मज़बूत होती नज़र आ रही है। हाल ही में जी20 और ब्रिक्स जैसे वैश्विक सम्मेलनों में भारत की सक्रिय और प्रभावशाली उपस्थिति ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान आकर्षित किया है। भारत अब केवल एक विकासशील देश की छवि से आगे बढ़कर एक निर्णायक वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहा है। पड़ोसी देशों के साथ संबंधों में सुधार और तनाव दोनों की स्थिति बनी हुई है, जिससे कूटनीतिक कौशल की अहमियत और बढ़ गई है। अमेरिका, यूरोप, रूस और एशियाई देशों के साथ भारत की नीतियाँ संतुलन साधने का प्रयास कर रही हैं, ताकि वैश्विक राजनीति में भारत की भूमिका और मज़बूत हो।

सामाजिक और सांस्कृतिक स्तर पर भी भारत में परिवर्तन की लहर चल रही है। शिक्षा प्रणाली में सुधार के लिए नई शिक्षा नीति लागू की जा रही है, जिसका उद्देश्य युवाओं को वैश्विक स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है। लेकिन ज़मीनी स्तर पर कई प्रश्न बने हुए हैं – ग्रामीण इलाकों में शिक्षा की गुणवत्ता, सरकारी विद्यालयों की दशा और शिक्षकों की कमी जैसे मुद्दे अब भी समाधान की प्रतीक्षा कर रहे हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में भी आयुष्मान भारत जैसी योजनाएँ आशा जगाती हैं, लेकिन अस्पतालों की कमी, डॉक्टरों पर बोझ और दवाइयों की बढ़ती कीमतें जनता को परेशान कर रही हैं। तकनीकी क्षेत्र में भारत ने बड़ी प्रगति की है। डिजिटल भुगतान व्यवस्था, आधार प्रणाली और मोबाइल इंटरनेट के प्रसार ने आम नागरिक के जीवन को सरल बनाया है। आज छोटे गाँवों में भी डिजिटल लेन-देन आम हो चुका है।

## शख्सियत — पण्डित दीनदयाल उपाध्याय

### राष्ट्रवादी विचारधारा के महान चिन्तक



पण्डित दीनदयाल उपाध्याय (जन्म: 25 सितम्बर 1916–11 फरवरी 1968) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चिन्तक और संगठनकर्ता थे। वे भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष भी रहे। उन्होंने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानववाद नामक विचारधारा दी।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितम्बर 1916 को धनकिया नामक स्थान ,जयपुर अजमेर रेलवे लाइन के पास [राजस्थान] हुआ था। उनके पिता का नाम भगवती प्रसाद उपाध्याय था, नागला चंद्रभान दीनदयाल जी का पैतृक गांव था, और नगला चंद्रभान (फरह, मथुरा) के निवासी थे। उनकी माता का नाम रामप्यारी था, जो धार्मिक प्रवृत्ति की थीं। पिता रेलवे में जलेसर रोड स्टेशन के सहायक स्टेशन मास्टर थे। रेल की नौकरी होने के कारण उनके पिता का अधिक समय बाहर ही बीतता था। कभी-कभी छुट्टी मिलने पर ही घर आते थे।

दो वर्ष बाद दीनदयाल के भाई ने जन्म लिया, जिसका नाम शिवदयाल रखा गया। पिता भगवती प्रसाद ने बच्चों को ननिहाल भेज दिया। उस समय उपाध्याय जी के नाना चुन्नीलाल शुक्ल धानक्या (जयपुर, राज०) में स्टेशन मास्टर थे। नाना का परिवार बहुत बड़ा था। दीनदयाल अपने ममेरे भाइयों के साथ बड़े हुए। नाना का गाँव आगरा जिले में फतेहपुर सीकरी के पास 'गुड़ की मँढई' था।

दीनदयाल अभी 3 वर्ष के भी नहीं हुये थे, कि उनके पिता का देहान्त हो गया। पति की मृत्यु से माँ रामप्यारी को अपना जीवन अंधकारमय लगने लगा। वे अत्यधिक बीमार रहने लगीं। उन्हें क्षय रोग लग गया। 8 अगस्त 1924 को उनका भी देहावसान हो गया। उस समय दीनदयाल 7 वर्ष के थे। 1926 में नाना चुन्नीलाल भी नहीं रहे। 1931 में पालन करने वाली मामी का निधन हो गया। 18 नवम्बर 1934 को अनुज शिवदयाल ने भी उपाध्याय जी का साथ सदा के लिए छोड़कर दुनिया से विदा ले ली। 1935 में स्नेहमयी नानी भी स्वर्ग सिधार गयीं। 19 वर्ष की अवस्था तक उपाध्याय जी ने मृत्यु-दर्शन से गहन साक्षात्कार कर लिया था।

8वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उपाध्याय जी ने कल्याण हाईस्कूल, सीकर, राजस्थान से दसवीं की परीक्षा में बोर्ड में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 1937 में पिलानी से इंटरमीडिएट की परीक्षा में पुनः बोर्ड में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 1939 में कानपुर के सनातन धर्म कालेज से बी०ए० की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की॥ से एम०ए० करने के लिए सेंट जॉन्स कालेज, आगरा में प्रवेश लिया और पूर्वार्द्ध में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुये। बीमार बहन रामादेवी की शुश्रूषा में लगे रहने के कारण उत्तरार्द्ध न कर सके। बहन की मृत्यु ने उन्हें झकझोर कर रख दिया। मामाजी के बहुत आग्रह पर उन्होंने प्रशासनिक परीक्षा दी, उत्तीर्ण भी हुये किन्तु अंगरेज सरकार की नौकरी नहीं की। 1941 में प्रयाग से बी०टी० की परीक्षा उत्तीर्ण की। बी०ए० और बी०टी० करने के बाद भी उन्होंने नौकरी नहीं की।

1937 में जब वह कानपुर से बी०ए० कर थे, अपने सहपाठी बालूजी महाशब्दे की प्रेरणा से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सम्पर्क में आये। संघ के संस्थापक डॉ० हेडगेवार का सान्निध्य कानपुर में ही मिला। उपाध्याय जी ने पढ़ाई पूरी होने के बाद संघ का दो वर्षों का प्रशिक्षण पूर्ण किया और संघ के जीवनव्रती प्रचारक हो गये। आजीवन संघ के प्रचारक रहे।



# जयोस्तुते

भाग-37



# रामजन्मभूमि- शिलान्यास

29 तारीख को महंत नृत्यगोपाल दास को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस आई। महंत ने उनसे अनुरोध किया कि मुझे आज क्यों गिरफ्तार कर रहे हो, कल जब मैं शिलान्यास के लिए निकलूंगा, तब मुझे गिरफ्तार कर लेना। लेकिन पुलिस सुनने को तैयार नहीं थी। उस समय असंख्य कारसेवक जमा हो गए और मुलायम सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करने लगे। इतना बवाल मच गया कि पुलिस को भी समझ नहीं आ रहा था कि क्या करे। छत्रपति शिवाजी महाराज को अपना आराध्य मानने वाले महंत नृत्यगोपाल दास इस अफरा-तफरी का लाभ उठाकर ठीक उसी तरह नाटकीय ढंग से पुलिस की आंखों से ओझल हो गए, जिस तरह छत्रपति शिवाजी महाराज ने अपनी सूझबूझ से आगरा के किले से निकलकर अपना बचाव किया था। इसके बाद महंत नृत्यगोपाल दास सीधे 30 तारीख को शिलान्यास के दिन ही प्रकट हुए।



**मूल लेख : अवधूत वाघ**



(मुंबई के प्रथम आरएसएस संघचालक स्व. दादा राव नाईक की महान विरासत को जारी रखने और युवावस्था में आरएसएस और एबीवीपी से जुड़कर गर्व महसूस करनेवाले सारस्वत बैंक के पूर्व निदेशक अवधूत वाघ महाराष्ट्र भाजपा के राज्य प्रवक्ता हैं। वीजेटीआई से 1981 बैच के इंजीनियरिंग स्नातक और जमनालाल बजाज संस्थान से 1987 बैच के वित्तीय प्रबंधन में परा-स्नातक अवधूत वाघ एक शिक्षाविद् होने के साथ-साथ प्रखर समाजसेवी हैं। जल संसाधन क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करनेवाले चार्टर्ड इंजीनियर वाघ को भारत में पेट्रोलियम रिफाइनरियों में वीओसी संग्रह और निष्कासन प्रणाली के लिए आयात विकल्प प्रौद्योगिकी को डिजाइन करने का श्रेय जाता है। मंझे हुए कबड्डी खिलाड़ी और कवि-लेखक अवधूत वाघ ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर सिलसिलेवार ब्लॉग लिखकर भ्रांतियों को ध्वस्त करने और तथ्यों को सरल तरीके से सामने लाने का काम किया है।)

इतनी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और एक भी कारसेवक के अयोध्या में प्रवेश नहीं कर पाने की निश्चिंतता के बीच, कारसेवकों के अलावा सभी को यकीन था कि 30 अक्टूबर को कारसेवा नहीं होगी। उस दिन सुबह चारों ओर शांति थी। कारसेवा का मुहूर्त सुबह 9 बजकर 44 मिनट का था। इस बीच 9 बजकर 10 मिनट पर मणिराम छावनी का दरवाजा खुला और विश्व हिंदू परिषद के महासचिव अशोक सिंघल चार-पांच कारसेवकों को साथ लेकर बाहर निकले। वहां से वे सामने स्थित वाल्मीकि रामायण भवन में गए। लगभग पांच मिनट बाद महंत नृत्यगोपाल दास, स्वामी वामदेव, विवेकानंदजी महाराज, साक्षीजी महाराज आदि संत भी वाल्मीकि रामायण भवन पहुंचे। उनके पीछे हजारों कारसेवक थे।

संतों और अशोक सिंघल को रास्ते में देखकर गली-मोहल्लों से अचानक कारसेवक बाहर आने लगे, जो कल तक कहीं नजर नहीं आ रहे थे, वे कहां छुपे थे- इसका किसी को अंदाजा नहीं था। देखते ही देखते कारसेवकों की संख्या लाखों में पहुंच गई। यह देखकर पुलिस को अपनी आंखों पर विश्वास नहीं हो रहा था। कोई भी लाठीचार्ज से डर नहीं रहा था। पुलिस अधिकारियों ने महंत नृत्यगोपाल दास से कारसेवा रोकने और कारसेवकों को वापस बुलाने का अनुरोध किया। इसी दौरान एक नाटकीय घटना घटी। हनुमान गढ़ी के पास खड़ी एक रिजर्व पुलिस बस पर धरमदास पहलवान नामक एक साधु ने कब्जा कर लिया। कई कारसेवकों के साथ पुलिस के लगाए अवरोधकों को तोड़ते हुए वह बस तेजी से आगे बढ़ी। इस कारण रास्ता साफ हो गया और जन्मभूमि क्षेत्र कारसेवकों से भर गया।

किसी को समझ नहीं आ रहा था कि क्या हो रहा है। कुछ ही क्षणों में कई कारसेवक उस जर्जर भवन पर चढ़ गए और वहां भगवा ध्वज फहरा दिया। यह देखकर भावुक हुए कई पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी भूलकर कारसेवा में शामिल हो गए। डीआईजी गिरिधर शर्मा का आदेश भी अब कोई नहीं मान रहा था। जिला पुलिस अधीक्षक सुभाष जोशी जैसे-तैसे चार-पांच पुलिसवालों को लेकर पहुंचे। उन्होंने गुंबद पर चढ़े कुछ कारसेवकों पर गोली चलाकर उनकी हत्या कर दी। लेकिन इससे भी कोई विचलित नहीं हुआ। हनुमान गढ़ी के पास अशोक सिंघल पुलिस हमले में घायल हुए। उनके सिर पर गहरी चोट आई और खून बहने लगा। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इस कारसेवा में 12 कारसेवक शहीद हो गए। कारसेवकों ने 'खून देंगे, प्राण भी देंगे, लेकिन मंदिर वहीं बनाएंगे' नारे को साकार कर दिखाया।



30 अक्टूबर को मिली इस पहली विजय के बाद कारसेवकों में अपार उत्साह फैल गया। 31 अक्टूबर विश्रांति का दिन था। 1 नवंबर की शाम अशोक सिंघल ने 50 हजार कारसेवकों के सामने भाषण दिया। उन्होंने संदेश दिया कि अगली सुबह 9 बजे दोनों हाथ ऊपर कर रामनाम का भजन करते हुए रामलला के दर्शन के लिए चलना है। संदेशानुसार 2 नवंबर को सुबह 9 बजे मणिराम दास छावनी के बाहर लगभग 50 हजार कारसेवक तैयार थे। लेकिन मुलायम सिंह ने तय कर लिया था कि किसी भी स्थिति में कारसेवकों को रोका जाएगा। इसलिए जनरल डायर को भी शर्मिंदा कर दे, ऐसे अमानवीय तरीके से पुलिस को आदेश दिया गया कि कारसेवकों को तितर-बितर करने के लिए यदि जरूरत पड़े तो गोली चलाई जाए। बिना किसी पूर्व चेतावनी के पहले कारसेवकों पर आंसू गैस के गोले छोड़े गए और फिर पुलिस ने चारों ओर से गोलियां चला दीं।

इस दौरान एक दुकान में छुपे कारसेवक को खींचकर बाहर निकाला गया और उसके सिर पर प्वाइंट ब्लैंक गोली मारकर हत्या कर दी गई। उसे बचाने आए उसके भाई को भी निर्ममता से मार डाला गया। रामकुमार और शरद नामक कोठारी बंधु जय श्रीराम कहते हुए बलिदान हो गए। उनकी आत्मा की अमरज्योति देश को बलिदान और समर्पण की याद दिलाती रहेगी। कुछ महीनों बाद जब अशोक सिंघल उनके माता-पिता को सांत्वना देने कलकत्ता पहुंचे, तब शहीद कोठारी बंधुओं के माता-पिता ने बिना किसी हिचकिचाहट के उनसे कहा कि वे अगली कारसेवा में स्वयं शामिल होंगे। इससे स्पष्ट होता है कि कारसेवा की भावना आम जनता में कितनी गहरी थी। पुलिस की गोलीबारी में सैकड़ों कारसेवक शहीद हुए। बिना यह जांचे कि वे जीवित हैं या नहीं, पुलिस ने उन्हें सरयू नदी में फेंक दिया। सरयू नदी की जलधारा खून से लाल हो गई। इससे पहले श्रीराम जन्मभूमि की मुक्ति के लिए हिंदुओं ने 76 युद्ध किए, लेकिन वे सभी मुगलों के खिलाफ थे। लेकिन यह युद्ध बिल्कुल अलग था- निहत्थे रामभक्तों के सत्याग्रह को कुचलने के लिए अपने ही हिंदू भाई उनकी हत्या कर रहे थे। यह निश्चित है कि पुलिस और मुलायम सिंह के इन अत्याचारों की कालिमा इतिहास में आने वाले हजारों वर्षों तक दर्ज रहेगी।

10 नवंबर 1990 को चंद्रशेखर प्रधानमंत्री बने और उन्होंने समाधान निकालने की कोशिश की। लेकिन कांग्रेस को डर था कि वे कोई अलग निर्णय लेंगे, इसलिए महज 40 दिन में कांग्रेस ने अपना समर्थन वापस ले लिया। एक ओर जहां साक्ष्यों की लड़ाई जारी थी, वहीं श्रीराम जन्मभूमि के लिए 6 दिसंबर 1990 को शुरू हुआ सत्याग्रह 14 जनवरी 1991 को समाप्त हुआ। इन 40 दिनों में 3 लाख से अधिक नागरिकों ने हिस्सा लिया। इनमें 35 हजार से अधिक महिलाएं थीं। 1991 की वर्ष प्रतिपदा को हर घर पर भगवा ध्वज फहराने और 24 मार्च की रामनवमी पर देशभर में श्रीराम की शोभायात्रा निकालने का निर्णय हुआ। मुलायम सरकार ने इन शोभायात्राओं पर भी प्रतिबंध लगाने की योजना बनाई, लेकिन विहिप के महामंत्री अशोक सिंघल ने स्पष्ट चेतावनी दी कि ये असंवैधानिक आदेश नहीं मानेंगे और शोभायात्राएं होंगी ही। इससे घबराकर मुलायम सरकार ने अपने आदेश वापस ले लिए। केवल उत्तर प्रदेश ही नहीं, देश के कई हिस्सों में भी पुलिस द्वारा ऐसे आदेश जारी किए गए थे। लेकिन जैसे-जैसे हिंदू संगठित होने लगे, पुलिस के पास इन आदेशों को वापस लेने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा।

2-3 अप्रैल 1991 को विहिप ने दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में चौथी धर्मसंसद का आयोजन किया। इसमें 6,000 से अधिक धर्माचार्य और साधु-संत एकत्र हुए। चार प्रमुख पीठों के शंकराचार्य भी मंच पर उपस्थित थे। 4 अप्रैल को बोट क्लब पर विशाल महामेला लगा, जिसमें 25 लाख लोग उपस्थित हुए। इस सभा में अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी सहित संघ के नेताओं ने भाषण दिए। यह समय चुनावों का था। चुनाव प्रचार के दौरान दुर्भाग्य से राजीव गांधी की हत्या हो गई और उसी सहानुभूति लहर के सहारे पी.वी. नरसिंह राव की अल्पमत सरकार दिल्ली में बन गई। वहीं उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह की हार के बाद भाजपा की कल्याण सिंह सरकार बनी। इसके फौरन बाद घटनाचक्र बदल गया और 10 अक्टूबर को कल्याण सिंह सरकार ने श्रीराम जन्मभूमि के पास की 2.77 एकड़ जमीन सरकारी अधिग्रहण में ले ली। इससे यह लाभ हुआ कि विवादित ढांचे और मंदिर निर्माण के बीच का सीधा संबंध समाप्त हो गया।

**क्रमशः**

**अनुसर्जन : श्वेता शालिनी**



(श्री हरि के आनंद-अश्रु से उपजी पापनाशिनी सरिता 'मां सरयू' की सेवा में समर्पित अपने परिवार की शुचिता और सेवा की विरासत को बखूबी सहेजनेवाली श्वेता शालिनी महाराष्ट्र भाजपा की प्रवक्ता और सोशल मीडिया प्रकोष्ठ की प्रभारी हैं। इससे पूर्व सचिव और भाजपा उत्तर भारतीय प्रकोष्ठ की महाराष्ट्र प्रभारी की जिम्मेदारियों का उल्लेखनीय निर्वाह कर चुकी श्वेता शालिनी इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट की उच्च शिक्षा प्राप्त करने के साथ-साथ एक सफल उद्यमी हैं। महाराष्ट्र सरकार गठित सेक्शन 8 कंपनी वीएसटीएफ की पूर्व कार्यकारी निदेशक भी रह चुकी हैं। एक प्रखर वक्ता के रूप में विशेष मुकाम रखनेवाली श्वेता शालिनी दर्शनशास्त्र, जीवन-शास्त्र और अर्थशास्त्र जैसे गूढ़ विषयों पर लिखनेवाली एक प्रतिष्ठित स्तंभकार होने के साथ-साथ युवाओं, महिलाओं और विशेषकर ग्रामीणों के उत्थान में कार्य करने के लिए प्रसिद्ध हैं। अनुसर्जन का यह उनका पहला प्रयोग है। )

(यह कॉलम हर उस इंसान के लिए है जो संघ को समझना चाहता है, फिर वह समर्थन में हो या विरोध में : संपादक)

**सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश**



# नामस्मरण साधना में विघ्न-बाधाएँ

जब कोई साधक नामजप, ध्यान या महायज्ञ जैसे पुण्य कार्य का संकल्प करता है, तो उसके मार्ग में अनजाने अवरोध आना स्वाभाविक है। ये अवरोध सामान्य जीवन में तब दिखाई नहीं देते जब मनुष्य सांसारिक कार्य करता है, बल्कि ये विशेष रूप से तब सामने आते हैं जब कोई उच्च उद्देश्य, साधना, तप या भक्ति का संकल्प किया जाता है। प्राचीन काल की कथा में भी विश्वामित्र जी ने जब यज्ञ करने का विचार किया, तब उनके सामने ताड़का, सुबाहु और मारीच जैसी शक्तियाँ आईं और उन्हें यज्ञ से रोकने लगीं। वस्तुतः ये तीनों पात्र केवल पौराणिक कथा तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे हमारे भीतर और बाहर उपस्थित उन मानसिक प्रवृत्तियों और स्वभावों का प्रतीक हैं, जो साधना और भक्ति के मार्ग में विघ्न डालते हैं। ताड़का तर्क और शंका का रूप है। जब साधक गुरु या संत की शरण में आता है, तो सबसे पहले उसके भीतर संदेह का बीज अंकुरित होता है—"क्या यह मार्ग सही है? क्या गुरु की बातें विश्वसनीय हैं?" इस प्रकार का तर्क श्रद्धा को कमजोर कर देता है और साधक आगे नहीं बढ़ पाता। इसलिए भगवान राम ने सबसे पहले ताड़का का वध किया, जो इस बात का संकेत है कि साधना में अनावश्यक तर्क और शंका का नाश करना आवश्यक है। इसके बाद सुबाहु का प्रसंग आता है, जो हमारे जन्मजन्मान्तर के स्वभाव, आदतों और संस्कारों का प्रतीक है। साधक जब ध्यान करने बैठता है, तो पुराने विचार, बुरी आदतें और कर्मफल उसे रोकने लगते हैं। इसका नाश अग्निबाण से हुआ, अर्थात् गहन चिंतन, मनन और ज्ञान की अग्नि ही उन बुरी आदतों को जला सकती है।



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो। नं। 9425980556



इसके बाद मारीच का उदाहरण आता है, जो मोह और भ्रम का प्रतीक है। मरीचिका की तरह यह झूठे सुख-दुख, आकर्षण और वासनाओं का जाल बुनता है, जिससे साधक बार-बार भटकने लगता है। मारीच पूरी तरह नष्ट नहीं होता, उसे केवल दूर भगाया जा सकता है। इसका अर्थ है कि मोह और भ्रम जीवन में किसी न किसी रूप में बने रहते हैं, लेकिन दृढ़ निश्चय और सतत साधना से उनके प्रभाव को कम किया जा सकता है। इन तीनों बाधाओं का सामना साधक को अवश्य करना पड़ता है। विश्वामित्र जी इनसे हार गए, लेकिन यह हार भी एक शिक्षा है कि हर पराजय बुरी नहीं होती। यदि हार से मनुष्य अहंकार छोड़कर भगवान की शरण में आता है, तो वही हार साधक के लिए विजय का द्वार बन जाती है। इसके विपरीत वह जीत, जो अहंकार पैदा करे और हमें भक्ति से दूर कर दे, वास्तविक पराजय है। इसलिए साधक को सदा दीन और विनम्र बने रहना चाहिए, क्योंकि दीनता ही उसे दीनानाथ तक पहुँचाती है। जब-जब साधक चिंताओं और कठिनाइयों से घिरता है, तब-तब उसे चिंतन, ध्यान और नामस्मरण का सहारा लेना चाहिए। भगवान राम सदा अपने भक्तों की पुकार सुनने को तत्पर रहते हैं, परंतु उनकी कृपा तभी मिलती है जब पुकार निष्काम और केवल भगवान के लिए हो। यदि हम उन्हें केवल सांसारिक इच्छाओं की पूर्ति के लिए पुकारते हैं, तो उनकी कृपा उतनी सहजता से नहीं मिलती। इस प्रकार नामजप और भक्ति के मार्ग में आने वाली ताड़का, सुबाहु और मारीच जैसी बाधाएँ साधक की परख करती हैं। ये बाधाएँ वास्तव में उसे कमजोर नहीं करतीं, बल्कि उसके मन, स्वभाव और विचारों को शुद्ध करती हैं। जब साधक इन राक्षसी अवरोधों से संघर्ष करता है, तो उसका आत्मबल और अधिक दृढ़ होता है और वही दृढ़ता उसे धीरे-धीरे भगवान के निकट पहुँचा देती है। यही साधना का सच्चा लक्ष्य और नामजप का सार है।

## अपने विचार



तेलंगाना में कार्य समिति बैठक के 2 माह बाद कांग्रेस की सरकार बनी थी। बिहार में भी बैठक के दो माह के अंदर सरकार बनेगी।

-केसी वेणुगोपाल, महासचिव, कांग्रेस



पटना में कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक हो रही है जो कई तरह के सवाल पैदा कर रही है। इससे पहले जब राज्य में लालू यादव का जंगलराज था तब क्यों बैठक नहीं की, अब कांग्रेस को अचानक बिहार की 85 साल बाद क्यों याद आ गई।

-रविशंकर प्रसाद, नेता,भाजपा

**अपने विचार**
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिेदार).

## ब्रीफ न्यूज़



नवरात्रि के तीसरे दिन, मुंबई स्थित आईआरसीटीसी पश्चिम क्षेत्र कार्यालय की महिलाएं नीले रंग के परिधान में थीं।



नवरात्रि के तीसरे दिन, महावितरण भांडुप अर्बन जोन की महिलाएं नीले रंग के परिधानों में सजी दिखाई दीं, जिन्होंने उत्सव को विशेष रंग और जोश से भर दिया



नवरात्रि के तीसरे दिन, महाराष्ट्र राज्य विद्युत पारेषण कंपनी (महापारेषण), मुंबई की महिलाएं उत्सव की खुशियों में रंग भरते हुए नीले रंग के परिधान में नजर आईं



नवरात्रि के तीसरे दिन, मुंबई के मरोळ स्थित व्हेंचर इंटिग्रेटेड कम्युनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के कर्मचारी नीले रंग के परिधानमें नजरआए

### बच्चों के साथ मनाया गया दादा-दादी दिवस



**भिवंडी।** बच्चों में संस्कार और पारिवारिक मूल्य डालने में माता-पिता और बुजुर्गों की अहम भूमिका होती है। इसी दृष्टिकोण के साथ शहर के सामान्य शिक्षण संस्थान के प्री-प्राइमरी स्कूल में बुधवार (24) को दादा-दादी दिवस मनाया गया। स्कूल के बच्चों ने अपने दादा-दादी के साथ स्कूल आकर उनका स्वागत गुलाब के फूलों से किया और उन्हें पूजा कर आशीर्वाद लिया। प्री-प्राइमरी विभाग के अध्यक्ष शाम सिंहसाने, उनकी पत्नी ई.टी. गायकवाड़, स्कूल शिक्षा समिति के विजय म्हात्रे और प्राइमरी विभाग की प्रधानाचार्या श्रीमती शुभांगी पाटिल भी उपस्थित थे। प्री-प्राइमरी विभाग की प्रधानाध्यापिका श्रीमती अनीता सुतार ने बताया कि आधुनिक समय में परिवारों के अलग होने और बच्चों की उपेक्षा के कारण उनमें उदासीनता बढ़ रही है, जिसका मनोवैज्ञानिक प्रभाव उनके जीवन पर पड़ता है। इसलिए इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को अपने बुजुर्गों का सम्मान करना और उनका संरक्षण सिखाना था। स्कूल पिछले तीन वर्षों से इस पहल को चला रहा है। कार्यक्रम में दादा-दादी भी शामिल हुए और बच्चों के साथ खेलों का आनंद लिया। शिक्षिकाओं वंदना वानखेड़े, इंदु जाधव, नूतन केनन, मनीषा जाधव, प्रसन्ना भोई और अनुश्री गद्रे ने इसे सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

# मीरा-भाईंदर में नवरंग उत्सव का आयोजन

विनय दूबे | भाईंदर

मीरा-भाईंदर व वसई-विरार पुलिस ने नवरात्रि के अवसर पर नारी शक्ति को समर्पित विशेष कार्यक्रम नवरंग उत्सव 2025 का आयोजन किया। यह कार्यक्रम 24 सितंबर को भारतरत्न स्व. लता मंगेशकर नाट्यगृह में आयोजित किया गया, जिसमें महिला पुलिस कर्मियों और पुलिस परिवार की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### महिलाओं की प्रतिभा को मंच मिला

कार्यक्रम का उद्देश्य महिला पुलिस अधिकारियों और परिवार की महिलाओं की प्रतिभा को आदर्श मंच प्रदान करना था। इसमें अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कलाकार गौतम सुथार की उपस्थिति में महिलाओं के लिए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नवरंग कार्यक्रम ने नारी सशक्तिकरण का प्रतीक बनकर महिलाओं को अपनी कला और कौशल दिखाने का अवसर दिया।




### मार्गदर्शन और उच्चस्तरीय सहभागिता

कार्यक्रम में उपस्थित सैकड़ों महिलाओं को स्वास्थ्य, आहार और वित्तीय प्रबंधन पर मार्गदर्शन भी दिया गया। डॉ. प्रियंका जाधव ने आहार संबंधी, श्री गंधार निगुडकर ने वित्तीय, और डॉ. योगिनी पाटिल ने स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दत्तात्रेय शिंदे, पुलिस उपायुक्त राहुल चव्हाण और अशोक विरकर, सहायक पुलिस आयुक्त तानाजी बर्डे व गणपत पिंगले सहित अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मी भी उपस्थित रहे।

### विजेताओं की सूची

प्रथम क्रमांक में पुलिस अधिकारी काजल सत्रे (पुलिस मुख्यालय) और किशोरी शेलार (मुख्यालय) रहे। द्वितीय क्रमांक पर रुपाली बरफ और प्राजक्ता आग्रे (दोनों मुख्यालय) ने स्थान प्राप्त किया। तृतीय क्रमांक शैला नाइक (नयानगर पुलिस स्टेशन) के नाम रहा।

# ठाणे डाक विभाग व मनपा ने किया स्वच्छता रैली का आयोजन

डीबीडी संवाददाता | ठाणे



स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 का हिस्सा, यह रैली 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले कार्यक्रम का संदेश देती है। इसका उद्देश्य सार्वजनिक स्थानों की सफाई, पर्यावरण जागरूकता और स्वच्छ हरित त्योहारों को बढ़ावा देना है। आज सुबह 9 बजे ठाणे के मासुंदा तालाब स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा से रैली की शुरुआत हुई, जिसमें ठाणे डाक विभाग और मनपा के लगभग 200 स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

### कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों की मौजूदगी

नवी मुंबई डाक क्षेत्र के डाक निदेशक डॉ. इचके अभिजीत दिलीपराव और ठाणे मनपा के अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे मुख्य अतिथि रहे। ठाणे मंडल के डाकघर के वरिष्ठ अधीक्षक के. नरेंद्र बाबू और ठाणे डाक टीम ने कार्यक्रम का संचालन किया। डॉ. इचके ने बताया कि नवरात्रि के पावन अवसर पर 2025 का थीम ‘स्वच्छोत्सव’ उत्सव के माहौल के अनुरूप है। उपस्थित अधिकारियों ने परिसर और कार्यस्थल को स्वच्छ रखने की शपथ ली।

## ऑनलाइन आरक्षण के लिए आधार प्रमाणीकरण अनिवार्य

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

भारतीय रेल ने IRCTC वेबसाइट और मोबाइल ऐप के माध्यम से रेलवे टिकटों के ऑनलाइन आरक्षण के लिए पहले 15 मिनट तक आधार प्रमाणीकरण अनिवार्य कर दिया है। यह नियम सामान्य आरक्षण खुलने के समय से लागू होगा और केवल आरक्षण खुलने के पहले 15 मिनट तक ही लागू होगा।

### सामान्य टिकट बुकिंग पर कोई बदलाव नहीं




हालांकि, सामान्य टिकटों के खुलने के 10 मिनट के प्रतिबंध के समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इस दौरान भारतीय रेलवे के अधिकृत टिकट एजेंट पहले दिन आरक्षित टिकट बुक नहीं कर पाएंगे।

### कम्प्यूटरीकृत पीआरएस काउंटर में कोई बदलाव नहीं

कम्प्यूटरीकृत पीआरएस काउंटरों के माध्यम से सामान्य टिकटों की बुकिंग में भी कोई बदलाव नहीं होगा। यात्रियों के लिए यह सुविधा पहले की तरह ही उपलब्ध रहेगी। यह नियम 1 अक्टूबर 2025 से प्रभावी होगा। इसका उद्देश्य ऑनलाइन टिकटिंग प्रणाली के दुरुपयोग को रोकना और यह सुनिश्चित करना है कि प्रणाली का लाभ सीधे आम उपयोगकर्ताओं तक पहुँच सके।

## भुसावल अध्यक्षा ने मनमाड़ विद्यालय का किया दौरा

डीबीडी संवाददाता | भुसावल



मध्य रेल महिला कल्याण संगठन भुसावल की अध्यक्षा रेखा अग्रवाल ने 24 सितंबर 2025 को मनमाड़ स्थित संगठन द्वारा संचालित विद्यालय का दौरा कर वहां की गतिविधियों और सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों से आत्मीय बातचीत की और उन्हें उपहार व चॉकलेट्स वितरित किए।

### छात्रों ने किया गर्मजोशी से स्वागत

विद्यालय के विद्यार्थियों ने अध्यक्षा का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। इस अवसर पर सशक्तिकरण का संदेश देते हुए छात्र-छात्राओं में उत्साह और आनंद का माहौल देखने को मिला, जिससे इस कार्यक्रम की खासियत और बढ़ गई।

### शिक्षकों और पदाधिकारियों की सराहना

अध्यक्षा ने विद्यालय में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की और महिला कल्याण संगठन के पदाधिकारियों तथा शिक्षकों के समर्पित योगदान की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, शिक्षकेतर कर्मचारी और सभी छात्र-छात्राएं भी उपस्थित थे।

## वसई-विरार में स्वच्छता ही सेवा अभियान

ओपी यादव | विरार

वसई-विरार नगर निगम क्षेत्र में 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2025 तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सफाई अभियान संचालित किया जा रहा है। ‘संपूर्ण स्वच्छता’ के उपक्रम के अंतर्गत शहर के अव्यवस्थित कचरा स्थल, अत्यधिक यातायात वाली सार्वजनिक जगहें और अधिक कचरा उत्पन्न होने वाले स्थानों की सफाई नगर निगम द्वारा की जा रही है।

### अंतरराष्ट्रीय तटीय सफाई दिवस पर समुद्र तट अभियान




20 सितंबर 2025 को अंतरराष्ट्रीय तटीय सफाई दिवस के अवसर पर नगर निगम ने वसई-पश्चिम में समुद्र तट स्वच्छता अभियान आयोजित किया। इस अभियान में समुद्र तट को साफ किया गया और नागरिकों का उत्स्फूर्त समर्थन भी प्राप्त हुआ, जिससे अभियान की सफलता सुनिश्चित हुई।

### एक दिन, एक घंटा, एक साथ श्रमदान अभियान

इसी क्रम में 25 सितंबर 2025 को नगर निगम क्षेत्र में एक दिन, एक घंटा, एक साथ नामक स्वच्छता श्रमदान अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में नगर निगम अधिकारी-कर्मचारी और नागरिक सुबह 08:00 बजे से 09:00 बजे तक एक घंटे के सामूहिक स्वच्छता अभियान में भाग लेंगे। नगर निगम ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे सक्रिय रूप से भाग लेकर अपने शहर को पूरी तरह स्वच्छ बनाने में योगदान दें।

# मनमाड़–भुसावल रेल खंड का तकनीकी निरीक्षण

डीबीडी संवाददाता | भुसावल



मध्य रेलवे के भुसावल मंडल रेल प्रबंधक पुनीत अग्रवाल ने 24 सितंबर 2025 को मनमाड़–भुसावल रेल खंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया। यह निरीक्षण ओएमएस (ऑस्सीलेशन मॉनिटरिंग सिस्टम) कोच के माध्यम से किया गया, जिसमें रेलवे ट्रैक की स्थिति, कंपन की तीव्रता, वक्र, सिग्नल प्रणाली और ट्रेनों की गति के दौरान ट्रैक की गुणवत्ता का सूक्ष्म अध्ययन शामिल था।

### ट्रेनों की सुरक्षा और ट्रैक मेंटेनेंस

इस तकनीकी निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य ट्रेनों की सुरक्षित, सुगम और निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करना है। ओएमएस कोच से प्राप्त आंकड़े रेलवे की ट्रैक मेंटेनेंस प्रक्रिया को अधिक वैज्ञानिक, सटीक और प्रभावी बनाने में सहायक साबित होते हैं, जिससे यात्रियों की सुरक्षा और यात्रा अनुभव को मजबूत किया जा सके। निरीक्षण के दौरान अग्रवाल ने मनमाड़ रेलवे स्टेशन का भी दौरा किया। उन्होंने यात्रियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं, स्वच्छता, सुरक्षा उपाय, टिकट बुकिंग कार्यालय, प्रतीक्षालय और दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष सुविधाओं का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। उन्होंने रेलकर्मियों को कार्य कुशलता, सुरक्षा प्रबंधन और यात्रियों की सुरक्षा के प्रति सजग रहने के निर्देश दिए, और निरीक्षण में संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी तथा कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# मध्य रेल के सोलापुर मंडल का बाढ़ प्रबंधन सराहनीय

डीबीडी संवाददाता | सोलापुर

मध्य रेल के सोलापुर मंडल ने अभूतपूर्व वर्षा और बाढ़ जैसी परिस्थितियों के दौरान यात्रियों की सुरक्षा, आराम और समय पर सहायता सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत समर्पण के साथ चुनौती का सामना किया। कर्मचारियों ने सतत निगरानी और त्वरित निर्णयों के माध्यम से यात्री सुविधाओं और रेल परिचालन को सुचारू बनाए रखा।

### यात्री-केंद्रित उपाय

यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए कई उपाय किए गए। कुर्डुवाडी-मिरज और कुर्डुवाडी-लातूर मार्गों से ट्रेनें डायवर्ट की गईं और सोलापुर जाने वाली ट्रेनों को समय से पहले रोका गया। कुर्डुवाडी और माढ़ा में बसों की व्यवस्था की गई। साथ ही, यात्रियों की सहायता के लिए स्टेशनों पर सहायता डेस्क, खानपान और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं।

### कुर्डुवाडी-लातूर और कुर्डुवाडी-सोलापुर खंडों में रेल संचालन



भीमा नदी की सहायक नदी, सीना नदी के उफान के कारण कुर्डुवाडी-लातूर और कुर्डुवाडी-सोलापुर खंडों में रेल परिचालन को विनियमित करना आवश्यक हो गया। सोलापुर मंडल रेल प्रबंधक, डॉ. सुजीत मिश्रा ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण कर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की और व्यवधान को कम करने के लिए कड़ी निगरानी रखी।

### सूचना और संचार व्यवस्थाएँ

यात्रियों को समय-समय पर अपडेट देने के लिए ट्विटर (X), स्थानीय व्हाट्सएप समूहों, सार्वजनिक घोषणाएँ और बल्क एसएमएस का उपयोग किया गया। स्टेशनों पर अतिरिक्त टिकट जाँच कर्मचारी और सीसीआई तैनात किए गए, जिससे यात्रियों को वास्तविक समय की जानकारी और सुविधा सुनिश्चित हुई।

### समर्पित कर्मचारियों का प्रयास

पूरी रात और अगले दिन, सोलापुर मंडल के कर्मचारी करुणा, शिष्टाचार और कुशलता के साथ यात्रियों की सहायता करते रहे। उनके अथक प्रयासों से ट्रेनों का सुरक्षित आवागमन हुआ, यात्रियों की असुविधा कम हुई और इस चुनौतीपूर्ण समय में रेलवे की जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता कायम रही।




# 12 राशिफल में देखें अपना दिन

**मेष** शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। हल्की हंसी-मजाक न करें। किसी अपरिचित व्यक्ति पर भरोसा न करें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी।

**वृष** सुख के साधनों पर व्यय होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। निवेश शुभ रहेगा। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। चोट व रोग से बचें। यश बढ़ेगा। बेचैनी रहेगी।

**मिथुन** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। घर में अतिथियों का आगमन होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। नौकरी में अधिकार मिल सकते हैं। शेयर मार्केट से लाभ होगा। बाहर जाने का मन बनेगा।

**कर्क** कानूनी अड़चन सामने आएगी। अज्ञात भय सताएगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे। पराक्रम बढ़ेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

**सिंह** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है। विवाद से क्लेश संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। किसी अपरिचित व्यक्ति पर अतिविश्वास न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कन्या** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में संतोष रहेगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।

**तुला** व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। भूमि व भवन संबंधी कार्य लाभदायक रहेंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय होगा। आय के साधनों में वृद्धि होगी। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

**वृश्चिक** संपत्ति की खरीद-फरोख्त में सफलता मिलेगी। स्थायी संपत्ति की दलाली बड़ा लाभ दे सकती है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। सभी ओर से खुश खबरें प्राप्त होंगी। पारिवारिक चिंता रहेगी।

**धनु** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। धनागम होगा। प्रतिद्वंद्वी अपना रास्ता छोड़ देंगे। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। किसी भी प्रकार के झगड़ों में न पड़ें। वाणी पर नियंत्रण रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**मकर** धार्मिक कार्य में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में उन्नति होगी। निवेशादि करने का मन बनेगा।

**कुंभ** शारीरिक कष्ट संभव है। पारिवारिक समस्या से चिंता बढ़ सकती है। नई आर्थिक नीति बन सकती है। कार्यस्थल पर सुधार व परिवर्तन से भविष्य में लाभ होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग कार्य में गति प्रदान करेगा।

**मीन** लेनदारी वसूल करने के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। समय पर कर्ज चुका पाएंगे। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। शेयर मार्केट, म्युचुअल फंड इत्यादि से लाभ होगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। जल्दबाजी न करें।

## जन्म से मृत्यु तक जीवन की रूपरेखा – कुंडली के 12 भावों का रहस्य

भारतीय ज्योतिष शास्त्र में मनुष्य का जीवन केवल जन्म और मृत्यु के बीच का सफ़र नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा विराट यात्रा-पथ है जिसमें आत्मा अनेक अनुभवों से गुजरते हुए अपने अंतिम लक्ष्य मोक्ष तक पहुँचती है। यही कारण है कि जन्मकुंडली को 12 भावों में विभाजित किया गया है। ये भाव केवल राशियों और ग्रहों की गणना का स्थान नहीं, बल्कि मनुष्य के जीवन के हर पहलू का गहन संकेत हैं। प्रथम भाव से लेकर द्वादश भाव तक की यात्रा हमें यह बताती है कि मनुष्य किस प्रकार जन्म लेता है, जीवन जीता है, संघर्ष करता है, आनंद उठाता है और अंततः मुक्ति प्राप्त करता है।

प्रथम भाव जीवन की शुरुआत है। यही जन्म का संकेत देता है। मनुष्य का रंग-रूप, शरीर, स्वास्थ्य, व्यक्तित्व और जन्म का स्थान सभी इसी भाव से देखे जाते हैं। यही आत्मा का पृथ्वी पर प्रवेश द्वार है।




द्वितीय भाव उस शिशु को पोषण और आधार देता है। दूध, अन्न, परिवार, धन और वाणी का यह भाव है। जन्म के बाद जीव को जीने के लिए जिन वस्तुओं की आवश्यकता होती है, वे यहीं से प्राप्त होती हैं।

तृतीय भाव श्रम, परिश्रम, साहस और भाई-बहनों का प्रतीक है। धन या भोजन तभी सुरक्षित रहता है जब मनुष्य में श्रम और बाहुबल हो। यही कारण है कि इसे पराक्रम का भाव कहा गया है।

चतुर्थ भाव मन और मातृत्व का स्थान है। गृह, भूमि, माता और मानसिक शांति इस भाव से जुड़ी होती है। मनुष्य में यदि इच्छा और कामना ही न हो तो उसके श्रम और धन का कोई अर्थ नहीं, इसलिए इसे सुख भाव भी कहा गया।

पंचम भाव ज्ञान, बुद्धि, संतान और सृजन का भाव है। कर्म तभी सफल होता है जब उसके पीछे विवेक और विचार शक्ति हो। यही कारण है कि इसे विद्या और मन के गहन विकास का स्थान माना गया।

षष्ठ भाव शत्रु, ऋण और रोग का स्थान है। जीवन तभी चमकता है जब मनुष्य कठिनाइयों से लड़ना सीखता है। यही संघर्ष शक्ति आगे की प्रगति की नींव रखती है।

सप्तम भाव विवाह, भागीदारी और सामाजिक संबंधों का प्रतीक है। मनुष्य अकेला सब कुछ नहीं कर सकता, उसे जीवनसाथी और सहयोगियों की आवश्यकता होती है। यही कारण है कि सप्तम भाव संबंधों और दांपत्य जीवन का सूचक है।

अष्टम भाव रहस्य, परिवर्तन और आयु का प्रतीक है। यदि जीवन में दीर्घायु न हो, तो धन, स्वास्थ्य और वैभव सब व्यर्थ है। इसी भाव से मृत्यु और पुनर्जन्म तक की बातें समझी जाती हैं।

नवम भाव धर्म और भाग्य का स्थान है। अच्छे कर्म और धर्म पालन से ही भाग्य चमकता है। गुरु, आशीर्वाद, तीर्थ यात्रा और अध्यात्म इस भाव से जुड़े हैं। यही आत्मा को उन्नति के मार्ग पर ले जाता है।

दशम भाव कर्म भाव है। मनुष्य को जैसा कर्म करना होता है, वैसा ही फल मिलता है। यश, पद, प्रतिष्ठा और समाज में स्थान इसी भाव से जाना जाता है। यह जीवन की दिशा और कर्तव्य का दर्पण है।




प्रियंका जैन
9769994439

(क्रमशः)

## न्यूज़ ब्रीफ

### महागठबंधन का 'अतिपिछड़ा न्याय संकल्प' जारी

**पटना।** पटना में विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के संस्थापक और पूर्व मंत्री मुकेश सहनी ने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के साथ महागठबंधन का 'अतिपिछड़ा न्याय संकल्प पत्र' जारी किया। इस मौके पर मुकेश सहनी ने कहा कि यह सिर्फ वादा नहीं, हमारा संकल्प है जो अति पिछड़ों के जीवन में बड़ा बदलाव लाएगा। मुकेश सहनी ने इस संकल्प के लिए राहुल गांधी, तेजस्वी यादव और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने संविधान में आरक्षण की व्यवस्था की थी, जिससे उनका जीवन बेहतर बन सका। उसी तरह यह संकल्प भी अति पिछड़ों के जीवन में उत्थान करेगा। उन्होंने कर्पूरी ठाकुर की देन को भी सराहा, जिनके प्रयासों से अति पिछड़े समाज के लोगों को सरकारी नौकरी में अवसर मिला।

### शौच करने जा रही किशोरी के साथ दुष्कर्म

**समस्तीपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव से बुधवार की दोपहर शौच करने ढैंचा खेत में गई एक किशोरी के साथ एक शादीशुदा युवक द्वारा दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने का मामला प्रकाश में आया है। पूर्व से घात लगाए बैठे युवक ने दुष्कर्म के दौरान किशोरी के साथ दरिंदगी की। इसके बाद बेसुध हुई किशोरी होश में आने के बाद अपने घर पहुंची और पिता से आपबीती सुनाई। पिता ने किशोरी की मां को बुलाकर पुत्री को घर के भीतर ले जाकर जानकारी लेने को कहा। तब घर से रोती-बिलखती पुत्री के साथ पहुंची मां ने आरोपित युवक के घर जाकर आरोपित के स्वजनों को मामले से अवगत कराया। वहां गाली-गलौच और धमकी दिए जाने के बाद किशोरी को साथ लेकर माता-पिता और स्वजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विभूतिपुर पहुंचे। जहां आन ड्यूटी चिकित्सक तुषांत ने नर्स की मदद से किशोरी का प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि किशोरी घर पहुंचने के बाद पिता के कहने पर मां को आपबीती सुनाते-सुनाते दुबारा बेसुध हुई थी। अस्पताल में आन ड्यूटी चिकित्सक ने बताया कि किशोरी दर्द से कराह रही है। रिस्क को देखते हुए उसे रेफर किया गया है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार झा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि पीड़िता ने थाने में एक नामजद प्राथमिकी करवाई है। जिसमें नारद पासवान के पुत्र पांडव कुमार को आरोपित किया गया है।

### शुरू किया जा रहा नकल जिहाद, मिट्टी में मिला देंगे: सीएम धामी

**देहरादून।** उत्तराखंड में यूकेएसएसएससी की स्नातक स्तरीय परीक्षा का पेपर आउट मामले में मास्टरमाइंड खालिद की गिरफ्तारी के बाद सीएम पुष्कर सिंह धामी का बड़ा बयान आया है। उन्होंने बुधवार को देहरादून में पार्टी की एक बैठक में कहा कि युवाओं को भड़काने के लिए प्रदेश में नकल जिहाद किया जा रहा है, जब तक इन जिहादियों को मिट्टी में नहीं मिला देते, चैन से नहीं बैठेंगे। उत्तराखंड पेपर लीक के मुद्दे पर युवाओं के आंदोलन के बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का बड़ा बयान आया है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा सरकार ने राज्य में नकल माफियाओं पर अंकुश लगाने के लिए सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया है। अब तक विभिन्न विभागों में 25 हजार पदों पर पारदर्शी तरीके से भर्तियां हुई हैं। कुछ तत्वों को लोगों को यह रास नहीं आ रहा है।

# स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती पर 17 छात्राओं ने लगाया छेड़छाड़ का आरोप

### आश्रम से यूएन नंबर प्लेट लगी कार बरामद

एजेंसी । नई दिल्ली/आगरा

दिल्ली के एक प्राइवेट मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट में 17 लड़कियों के साथ अश्लील हरकतों का आरोपी चैतन्यानंद सरस्वती फरार है। पुलिस जांच में पता चला है कि वह यूपी में कहीं छिपा हो सकता है। उसका आखिरी लोकेशन आगरा में था। पुलिस टेक्निकल सर्विलांस और इंटेलिजेंस के जरिए गिरफ्तारी की कोशिश में लगी हुई है। आरोपी पर लड़कियों से छेड़छाड़ के साथ ही फर्जी नंबर से 'यूनाइटेड नेशंस वाली ऐश' की इच्छा रखने के आरोप भी हैं।





### कानूनी कार्रवाई और सबूत

प्रशासक पीए मुरली ने 4 अगस्त को आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पुलिस ने प्राथमिक जांच के बाद चैतन्यानंद पर बीएनएस की धारा 75 (2), 79 और 351 (2) के तहत केस दर्ज किया। संस्थान के सीसीटीवी फुटेज जांच के लिए फॉरेंसिक लैब भेजे गए हैं और 16 पीड़िताओं के बयान पटियाला हाउस कोर्ट में दर्ज किए गए।

### विवादों और पुराने मामलों का इतिहास

चैतन्यानंद सरस्वती का विवादों से लंबा नाता है। पहली बार 2009 में दिल्ली के डिफेंस कॉलोनी में उस पर धोखाधड़ी और छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज हुआ था। 2016 में भी इसी इंस्टीट्यूट में पढ़ने वाली एक लड़की ने उस पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया था और गिरफ्तारी हुई थी। अब नए आरोपों के मद्देनजर पुलिस उसकी पुरानी फाइल्स की भी समीक्षा कर रही है।

### फर्जी डिप्लोमैटिक नंबर वाली लग्जरी कार

जांच के दौरान इंस्टीट्यूट के बेसमेंट में खड़ी लग्जरी वॉल्वो कार बरामद हुई, जिस पर फर्जी यूएन डिप्लोमैटिक नंबर प्लेट लगी थी। इस पर 39 UN 1 लिखा हुआ था। कार जब्त कर 25 अगस्त को अलग मुकदमा दर्ज किया गया, जिसमें बीएनएस की धारा 345 (3), 318 (4), 336 (3) और 340 (2) लागू की गई। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि कार के जरिए आरोपी ने कोई लाभ लिया था या नहीं।

### छात्राओं के गंभीर आरोप

श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट में ईडब्ल्यूएस स्कॉलरशिप के तहत पढ़ रही पोस्ट ग्रैजुएट छात्राओं ने चैतन्यानंद पर गंभीर आरोप लगाए। संस्थान के प्रशासक ने वसंत कुंज थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस पूछताछ में 32 छात्राओं में से 17 ने आरोपी पर अश्लील वॉट्सऐप मैसेज और गलत शारीरिक संपर्क का आरोप लगाया।

### और छात्रों व स्टाफ की भूमिका की जांच

पुलिस और अन्य छात्राओं से बातचीत कर यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि कुल कितनी लड़कियों को आरोपी ने शिकार बनाया और कब से यह हरकतें कर रहा था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, संस्थान के कुछ अन्य लोग भी गिरफ्तार हो सकते हैं। पीड़ितों का आरोप है कि स्टाफ उन्हें आरोपी के गलत व्यवहार को सहन करने का दबाव देता था।

## हिन्दू भाइयों ने मुस्लिम समुदाय को दान की लाखों की जमीन

एजेंसी । आजमगढ़



आजमगढ़ के सगड़ी विधानसभा क्षेत्र स्थित रामनगर गांव में पांच हिंदू भाइयों ने आपसी सौहार्द और इंसानियत की एक ऐसी मिसाल पेश की है, जो पूरे प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश के लिए प्रेरणा बन गई है। इन भाइयों ने लगभग 30 लाख रुपए मूल्य की जमीन मुस्लिम समुदाय को कब्रिस्तान के लिए दान कर दी है। यह जमीन हाजीपुर गांव के पास स्थित है, जहां अब तक मुस्लिम समुदाय के पास शवों के दफन के लिए कोई स्थायी भूमि नहीं थी। समुदाय के लोग हर बार रसूलपुर गांव के कब्रिस्तान में अनुमति लेकर शवों को दफनाने के लिए मजबूर थे। इसे देखते हुए रामनगर निवासी राकेश सिंह, अखिलेश सिंह, सुधाकर सिंह, दिनेश सिंह और ओंकार सिंह ने मिलकर यह सराहनीय फैसला लिया। जब हाजीपुर निवासी मुनव्वर अहमद ने राकेश सिंह को इस समस्या से अवगत कराया, तो उन्होंने अपने भाइयों से विचार-विमर्श कर यह मानवीय निर्णय लिया। मुनव्वर अहमद ने कहा कि हमारे पास खुद की कोई जमीन नहीं थी, हर बार शवों के दफन के लिए अनुमति मांगनी पड़ती थी। राकेश सिंह ने जब हमारी परेशानी सुनी, तो तुरंत समाधान की दिशा में कदम बढ़ाया और भाइयों से वार्ता कर यह कदम उठाया। राकेश सिंह और उनकी पत्नी मालती सिंह, जो अपना दल (एस) से जुड़े हुए हैं, स्थानीय राजनीति में सक्रिय हैं। मालती सिंह सगड़ी विधानसभा क्षेत्र में पार्टी की एक मजबूत नेता मानी जाती हैं। हालांकि, कुछ लोगों ने इस कदम को राजनीति से जोड़ने की कोशिश की, लेकिन राकेश सिंह ने कहा कि हम नहीं चाहते कि इस नेक काम को किसी राजनीतिक चश्मे से देखा जाए। यह सिर्फ और सिर्फ इंसानियत और भाईचारे का मामला है। इस घटना ने साबित कर दिया कि धर्म से ऊपर इंसानियत होती है, और जब समाज के लोग एक-दूसरे का हाथ थामते हैं, तो हर मुश्किल आसान हो जाती है।

## बीएसए को पीटने वाले प्रधानाध्यापक निलंबित

एजेंसी । लखनऊ

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) कार्यालय में मंगलवार को बड़ा बवाल हो गया। प्राथमिक विद्यालय नदवा के प्रधानाध्यापक बृजेंद्र वर्मा ने बीएसए को बेल्ट से पीट दिया। घटना के बाद बुधवार सुबह ही उन्हें निलंबित कर दिया गया। मामले ने तूल पकड़ लिया और स्कूल के बच्चों व अभिभावकों ने विरोध शुरू कर दिया।

### ग्रामीणों ने शिक्षिका पर लगाए आरोप

सहित कई अभिभावकों का कहना है कि स्कूल की शिक्षिका मनमाने ढंग से आती थीं और बच्चों को नियमित रूप से पढ़ाई नहीं कराती थीं। उनका आरोप है कि कई बार शिक्षक केवल अपनी सुविधा के अनुसार उपस्थित होती थीं और बच्चों को आवश्यक शिक्षा नहीं दी जाती थी। जब इस मामले को लेकर प्रधानाध्यापक ने शिक्षिका के व्यवहार का विरोध किया और नोटिस जारी किया, तो बीएसए (ब्लॉक शिक्षा अधिकारी) इस कार्रवाई से नाराज हो गए। अभिभावकों का कहना है कि बच्चों के उज्जवल भविष्य और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए उन्हें यह कदम उठाना पड़ा।

### बच्चों और अभिभावकों का सड़क पर प्रदर्शन



बुधवार को प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने सिर पर बैग रखकर स्कूल के बाहर प्रदर्शन किया। उनके साथ बड़ी संख्या में अभिभावक भी मौजूद रहे। नाराजगी इतनी थी कि पूरे दिन स्कूल में पढ़ाई ठप रही। अभिभावकों का कहना था कि विवाद के चलते बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, जिसे रोकना जरूरी है। सूत्रों के अनुसार, विवाद की जड़ पुराने मामलों से जुड़ी है। 24 जुलाई को प्रधानाध्यापक बृजेंद्र वर्मा के खिलाफ वित्तीय अनियमितता की शिकायत हुई थी। जांच में वे बेदाग निकले। इसके बाद स्कूल के एक शिक्षक पर राजनीतिक पोस्ट डालने का आरोप लगा और विधायक की शिकायत पर उन्हें निलंबित कर दिया गया। वहीं, स्कूल में बची शिक्षिका को प्रतियोगी परीक्षा के उड़नदस्ते में शामिल कर दिया गया। यही विवाद का कारण बना।

### पुलिस कार्रवाई और अगला कदम

घटना के बाद सीओ सिटी विनायक भोंसले ने बताया कि प्रधानाध्यापक को हिरासत में ले लिया गया है और केस दर्ज कर लिया गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है। उधर, ग्रामीणों ने मांग की है कि स्कूल में नियमित और सही पढ़ाई सुनिश्चित की जाए ताकि बच्चों का भविष्य प्रभावित न हो।

## पटना को बेतिया से जोड़ेगा 78.94 KM लंबा हाईवे

एजेंसी । पटना

केंद्र सरकार ने साहेबगंज-अरेराज-बेतिया (एनएच-1 डब्ल्यू) खंड को हाइब्रिड एन्युइटी मोड पर चार लेन ग्रीनफील्ड हाइवे के रूप में विकसित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना पर 3,822 करोड़ रुपए खर्च होंगे। लगभग 79 किमी लंबा यह हाईवे पटना को बेतिया से सीधे जोड़ेगा।



### बेहतर कनेक्टिविटी और समय की बचत

हाईवे निर्माण से वैशाली, सारण, सीवान, गोपालगंज, मुजफ्फरपुर और चंपारण के दोनों जिलों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी। इससे साहेबगंज से बेतिया की यात्रा ढाई घंटे से घटकर मात्र एक घंटे में पूरी हो सकेगी। इससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ व्यावसायिक परिवहन को भी बड़ी राहत मिलेगी।

### पर्यटन और धार्मिक धरोहरों को लाभ

पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताते हुए बताया कि यह परियोजना सात पीएम गति शक्ति आर्थिक नोड्स, छह सामाजिक नोड्स, आठ लॉजिस्टिक नोड्स और नौ प्रमुख पर्यटन व धार्मिक केंद्रों को जोड़ेगी। इससे केसरिया बुद्ध स्तूप, सोमेश्वरनाथ मंदिर, वैशाली का विश्व शांति स्तूप और पटना का महावीर मंदिर जैसी धरोहर स्थलों तक पहुंच आसान हो जाएगी।

## सपा विधायक के साले ने की आत्महत्या



एजेंसी । लखनऊ

राजधानी लखनऊ के विपुलखंड में सपा विधायक के कावेंद्र चौधरी के साले ने आत्महत्या कर ली। 25 वर्षीय कार्तिकेय राज खाना खाने के बाद कमरे में गया था और आत्महत्या कर ली। मृतक कातिकेय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। उसके पिता शोभाराम वर्मा बलिया में जिला पंचायत विभाग में इंजीनियर हैं। घटना से परिवार में हड़कंप मच गया है।

# व्यापार जगत

## लाल निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

विदेशी पूंजी निकासी और अमेरिका में एच-1बी वीजा शुल्क में भारी वृद्धि की चिंता के कारण बुधवार को बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में लगातार चौथे दिन गिरावट दर्ज की गई। इस बीच, रुपया शुरुआती निचले स्तर से उबरकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.72 पर लगभग स्थिर बंद हुआ। शुरुआती कारोबार में रुपया 88.80 तक गिर गया था, लेकिन बाद में सुधरकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.67 के दिन के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बुधवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद लाल निशान पर बंद हुए।



### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एक्सिस बैंक प्रमुख रूप से पिछड़े रहे। वहीं पावर ग्रिड, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एनटीपीसी और एचसीएल टेक लाभ में रहे। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, जीएसटी सुधारों के बाद भारतीय बाजारों में मुनाफावसूली देखी गई है, क्योंकि निवेशक मूल्यांकन और दूसरी तिमाही की आय अपेक्षाओं को पुनः निर्धारित कर रहे हैं।

### यूरोपीय बाजारों में हुई गिरावट

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी गिरावट के साथ बंद हुआ, जबकि जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोप के शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। मंगलवार को अमेरिकी बाज़ार नकारात्मक दायरे में बंद हुए। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0 .44 प्रतिशत बढ़कर 67 .93 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

## ग्लोटिस का आईपीओ 29 सितंबर को खुलेगा

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाता ग्लोटिस ने अपने आगामी प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 120 रुपए से 129 रुपए प्रति शेयर का मूल्य दायरा निर्धारित किया है। कंपनी के अनुसार, इस मूल्य दायरे के ऊपरी छोर पर ग्लोटिस का मार्केट कैपिटल 1,200 करोड़ रुपए से अधिक होगा। ग्लोटिस ने बुधवार को जारी बयान में बताया कि यह




आईपीओ 29 सितंबर से निवेशकों के लिए खुलेगा और 1 अक्टूबर को बंद होगा। एंकर निवेशकों के लिए बोली प्रक्रिया एक दिन के लिए 26 सितंबर को खुलेगी। ग्लोटिस का आईपीओ 307 करोड़ रुपए का है, जिसमें दो हिस्से शामिल हैं। पहला 160 करोड़ रुपए का नया निर्गम यह राशि कंपनी की विस्तार योजनाओं और संचालन पूंजी की जरूरतों के लिए उपयोग की जाएगी। दूसरा 147 करोड़ रुपए का ओएफएस इसमें प्रवर्तक1.14 करोड़ इक्विटी शेयर बेचेंगे। इस प्रकार आईपीओ में निवेशकों को कंपनी में हिस्सेदारी खरीदने का मौका मिलेगा, जबकि प्रवर्तक भी अपनी हिस्सेदारी का कुछ हिस्सा बेचकर तरलता प्राप्त करेंगे।

## कैप्री ग्लोबल कैपिटल ने 400 करोड़ रुपए तक के एनसीडी पब्लिक इश्यू का किया ऐलान

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड ने 1,000 रुपए अंकित मूल्य वाले सुरक्षित, सूचीबद्ध और रिडीमेबल नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर (एनसीडी) के पब्लिक इश्यू की घोषणा की है। कंपनी ने इस इश्यू का बेस साइज 200 करोड़ रुपए रखा है,जिसमें 200 करोड़ रुपए तक के ओवरसब्सक्रिप्शन का विकल्प (ग्रीन शू ऑप्शन) भी शामिल है। इस प्रकार इश्यू का कुल आकार 400 करोड़ रुपए तक होगा।



### निवेशकों के लिए ऑफर

इस एनसीडी इश्यू में निवेशकों को 8.55% से 9.70% तक की सालाना कूपन दर मिलेगी। भुगतान के लिए मासिक और वार्षिक ब्याज विकल्प उपलब्ध होंगे।

### लीड मैनेजर और कंपनी की स्थिति

इस इश्यू का प्रमुख प्रबंधक ट्रस्ट इनवेस्टमेंट एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड है। कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश शर्मा ने कहा, "एनसीडी के पब्लिक इश्यू की घोषणा करते हुए हमें प्रसन्नता हो रही है। केप्री ग्लोबल एक डायवर्स और खुदरा-केंद्रित प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण एनबीएफसी है, जो पिछले 14 वर्षों से वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में सक्रिय है। हम एमएसएमई लोन, होम लोन, गोल्ड लोन और कंस्ट्रक्शन फाइनेंस जैसी चार प्रमुख श्रेणियों में सुरक्षित और कोलैटरल-बेस्ड लोन की पेशकश करते हैं।"

## जहाज निर्माण के लिए 69,725 करोड़ का पैकेज

एजेंसी । नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को देश के जहाज निर्माण और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए 69,725 करोड़ रुपए के व्यापक पैकेज को मंजूरी दी। इस पहल का उद्देश्य घरेलू क्षमता बढ़ाना, वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना, ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड शिपयार्ड का विकास करना, तकनीकी कौशल में वृद्धि करना तथा मजबूत समुद्री बुनियादी ढांचा तैयार करना है। इसके साथ ही, कानूनी, कराधान और नीतिगत सुधार भी लागू किए जाएंगे।

### दीर्घकालिक वित्तपोषण और सहायता योजनाएं



सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुए मंत्रिमंडल की बैठक में यह निर्णय लिया गया। इसके तहत जहाज निर्माण वित्तीय सहायता योजना (एसबीएफएएस) को 31 मार्च 2036 तक बढ़ाया गया है और इसके लिए 24,736 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। इस कदम से उद्योग को स्थिरता और दीर्घकालिक सहयोग मिलेगा। पैकेज में जहाज निर्माण को प्रोत्साहन देने के लिए 4,001 करोड़ रुपए के आवंटन के साथ शिपब्रेकिंग क्रेडिट नोट शामिल किया गया है। इसके अलावा, इस क्षेत्र को दीर्घकालिक वित्तपोषण उपलब्ध कराने के लिए 25,000 करोड़ रुपए की राशि के साथ समुद्री विकास कोष (एमडीएफ) को भी मंजूरी दी गई है। यह कोष जहाज निर्माण उद्योग को सस्ती और सुलभ वित्तीय सहायता उपलब्ध कराएगा।

## रिकॉर्ड ऊंचाई से 900 रुपए गिरा सोना

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

अमेरिकी फेड चेयरमैन जेरोम पॉवेल द्वारा ब्याज दरों में कटौती को लेकर सतर्क रुख अपनाने के बाद व्यापारियों द्वारा ऊंचे स्तर पर मुनाफावसूली करने से बुधवार को सोने और चांदी की कीमतों में रिकॉर्ड ऊंचाई से गिरावट आई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली पीली धातु की कीमत 900 रुपए की गिरावट के साथ 1,18,000 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना को 900 रुपए गिरकर 1,17,400 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया। वहीं सफेद धातु 600 रुपए घटकर 1,39,000 रुपए प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा कि डॉलर में सुधार और फेडरल रिजर्व



के चेयरमैन जेरोम पॉवेल द्वारा मंगलवार को दिए गए भाषण में की गई आक्रामक टिप्पणियों के कारण सोने की कीमतें अपने रिकॉर्ड उच्च स्तर से थोड़ी नीचे आ गई हैं। गांधी ने कहा कि बुधवार को मामूली गिरावट के बावजूद, जारी भू-राजनीतिक अनिश्चितता के कारण सुरक्षित निवेश बहुमूल्य धातुओं की ओर बढ़ रहा है, जिससे सर्राफा कीमतों में बड़े सुधार को रोकने में मदद मिलेगी। विदेशी बाजारों में हाजिर सोना मामूली गिरावट के साथ 3,760.36 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। मंगलवार को यह 3,791.11 डॉलर प्रति औंस के नए शिखर पर पहुंच गया था।

## सरकार को किसानों का समर्थन करने की जरूरत: गडकरी

एजेंसी । नई दिल्ली

सरकार को उन किसानों का समर्थन करने की जरूरत है जिन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य नहीं मिलता क्योंकि फसलों की कीमतें वैश्विक कारकों से निर्धारित होती हैं। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को यह बात कही। 'भारत जैव-ऊर्जा एवं प्रौद्योगिकी एक्सपो के दूसरे संस्करण' को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि चीनी की कीमत ब्राजील, तेल की कीमत मलेशिया, मक्का की कीमत अमेरिका और सोयाबीन की कीमत अर्जेंटीना की



ओर से निर्धारित होती है। मंत्री ने कहा, हम ग्रामीण और आदिवासी भारत में गरीबी और बेरोजगारी की समस्याओं का सामना कर रहे हैं, क्योंकि किसानों को वैश्विक अर्थव्यवस्था में अच्छी कीमतें नहीं मिल रही हैं। गडकरी ने कहा कि भारत की 65 प्रतिशत आबादी कृषि गतिविधियों में लगी हुई है।

# अभिषेक शर्मा को भारत की वनडे टीम में मिल सकता है मौका



## एशिया कप में अभिषेक ने किया कमाल

एजेंसी । दुबई

भारतीय क्रिकेट टीम के युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने एशिया कप 2025 में जोरदार प्रदर्शन किया है। टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सीमित मौकों पर उन्होंने अपनी छाप छोड़ी है। अब ऐसी खबर है कि अभिषेक को भारत की वनडे टीम में भी जगह मिल सकती है। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर होने वाली वनडे सीरीज के लिए उनका चयन किया जा सकता है।

### ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए हो सकता है चयन

भारतीय टीम को 19 नवंबर से ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 3 मैचों की वनडे सीरीज खेलनी है। अभिषेक के एशिया कप में शानदार प्रदर्शन के चलते ही उन पर वनडे टीम में भरोसा किया जा सकता है। बता दें कि उन्होंने अब तक भारत की ओर से वनडे में डेब्यू नहीं किया है। उन्होंने अपने लिस्ट-A क्रिकेट करियर में लगभग 100 की स्ट्राइक रेट के साथ 2,014 रन बनाए हैं।

### एशिया कप 2025 में अभिषेक का प्रदर्शन

अभिषेक ने एशिया कप 2025 में 4 मैचों की 4 पारियों में 43.25 की औसत और 208.43 की स्ट्राइक रेट के साथ 173 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 1 अर्धशतक भी लगाया है। उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट टीम के विरुद्ध अपने पिछले मैच में 39 गेंदों में 74 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली थी। उनके बाद दूसरे सबसे ज्यादा रन पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान ने 156 रन बनाए हैं।

### ऐसा है अभिषेक का टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर

अभिषेक ने अब तक 21 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, जिसमें 35.40 की औसत और 197.21 की स्ट्राइक रेट के साथ 708 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 2 शतकों के अलावा 3 अर्धशतक लगाए हैं। उनका सर्वोच्च स्कोर 135 रन रहा है। अपने टी-20 करियर में उन्होंने 150 मैच खेले हैं, जिसमें 167.67 की स्ट्राइक रेट के साथ 4,207 रन बनाए हैं। उन्होंने 7 शतक और 23 अर्धशतक लगाए हैं।

### भारत के पास मौजूद हैं सलामी बल्लेबाजों के कई विकल्प

वर्तमान में भारतीय वनडे टीम की योजनाओं की बात करें तो शुभमन गिल प्रमुख सलामी बल्लेबाज हैं। वहीं, रोहित शर्मा ने भी इस प्रारूप से अभी संन्यास नहीं लिया है और यशस्वी जायसवाल भी सलामी बल्लेबाज के विकल्प हैं। ऐसे में ये देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय चयनकर्ता ऑस्ट्रेलिया दौरे पर किन खिलाड़ियों को मौका देते हैं। बता दें कि वनडे विश्व कप 2027 से पहले भारत को 27 वनडे मैचों में हिस्सा लेना है।

# एशियाई खेल में पदक के वास्तविक दावेदार को ही मौका

एजेंसी । नई दिल्ली

खेल मंत्रालय ने 2026 एशियाई खेलों में चयन के लिए कड़े मानदंड तय किए हैं। मंत्रालय ने कहा है कि पदक के वास्तविक दावेदार खिलाड़ियों को ही मौका मिलेगा और सरकारी खर्चे पर नहीं जाने के बावजूद अतिरिक्त कोचों और सहयोगी स्टाफ को जाने की अनुमति नहीं मिलेगी। एशियाई खेल अगले साल जापान के नागोया में 19 सितंबर से 4 अक्तूबर तक खेले जाएंगे। भारत ने पिछले 2023 एशियाई खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 28 स्वर्ण सहित 106 पदक जीते थे।

### रियायत वाला प्रावधान

इन मानदंडों में एक रियायत वाला प्रावधान है जो मंत्रालय को विशिष्ट खेलों के विशेषज्ञों या साइ की राय के आधार पर उन प्रतिभागियों की सिफारिश करने का अधिकार देता है जो निर्धारित मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं। मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि यह बात सामने आती है कि एशियाई चैंपियनशिप अनियमित अंतराल पर हो रही है और प्रतियोगिता का स्तर निम्न है तो इसे नियमों को दरकिनार करने का प्रयास माना जाएगा।

### कड़े मानदंड एक नजर

- ये चयन मानदंड राष्ट्रमंडल खेल (जुलाई-अगस्त 2026), पैरा एशियाई खेल, एशियाई इंडोर खेल, एशियाई बीच खेल, युवा ओलंपिक, एशियाई युवा खेल और राष्ट्रमंडल युवा खेल पर भी लागू होंगे।
- चयन का आधार पिछले 12 महीने का प्रदर्शन होगा। नई नीति में ओलंपिक या ऐसे अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट नहीं शामिल जिनमें खिलाड़ी या टीम की भागीदारी संबंधित अंतरराष्ट्रीय महासंघों द्वारा निर्धारित मानकों के आधार पर होती है।



### रैंकिंग ही आधार

मंत्रालय की वेबसाइट पर बुधवार को डाले पांच पन्ने के दस्तावेज में साफ कहा गया है कि एशियाई स्तर पर व्यक्तिगत रैंकिंग में शीर्ष छह और टीम खेलों में शीर्ष आठ में रहने वाले खिलाड़ियों को ही राष्ट्रीय महासंघ नामांकित कर सकेंगे। मंत्रालय ने कहा, हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि पदक के असली दावेदारों को ही बहु खेल टूर्नामेंटों में भागीदारी का मौका मिले। अगर मंत्रालय या भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) को पता चला कि कोई खिलाड़ी पदक जीतने नहीं बल्कि सिर्फ भागीदारी के लिए जा रहा है तो ऐसे खिलाड़ियों और टीमों को अनुमति नहीं दी जाएगी। इसमें कहा गया, सिर्फ वही खिलाड़ी, कोच और सहयोगी स्टाफ भारतीय दल का हिस्सा होंगे जिनका नाम सरकारी खर्च पर जाने को मंजूर होगा। इसके अलावा कोई अतिरिक्त खिलाड़ी, कोच या सहयोगी स्टाफ शामिल नहीं होगा, भले ही उसका खर्च सरकार को वहन नहीं करना पड़ रहा हो। अक्सर खिलाड़ी अपने निजी कोचों या सहयोगी स्टाफ को अपने खर्च पर ले जाने की मांग करते हैं जिस पर विवाद होता है। बयान के अनुसार, महासंघ ऐसे खिलाड़ी का नामांकन कर सकते हैं जिसने अंतरराष्ट्रीय खेल महासंघ द्वारा उस खेल की स्पर्धा में पिछले 12 महीने में पिछले एशियाई खेलों में छठे स्थान के प्रदर्शन की बराबरी की हो या उससे बेहतर किया हो।

# प्रणय हटे, आयुष और किरण की हार से अभियान खत्म

कोरिया मास्टर्स

एजेंसी । सुवोन

एचएस प्रणय का कोरिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अभियान निराशाजनक रूप से खत्म हो गया। वह चोट के कारण मैच के बीच से हट गए। दूसरी ओर, आयुष शेट्टी और किरण जॉर्ज की हार के साथ इस प्रतियोगिता में बुधवार को मुख्य ड्रॉ के पहले दिन ही भारतीय अभियान समाप्त हो गया।

### टक्कर के बार हारे जॉर्ज



किरण जॉर्ज ने पूर्व विश्व चैंपियन सिंगापुर के लोह कीन यू को कड़ी टक्कर दी लेकिन भारतीय खिलाड़ी को 14-21, 22-20, 14-21 से हार झेलनी पड़ी। महिला एकल में अनुपमा उपाध्याय चौथी वरीयता प्राप्त और विश्व में आठवें नंबर की इंडोनेशियाई खिलाड़ी पुत्री वर्दानी से 16-21, 15-21 से हार गईं। मिश्रित युगल में मोहित जगलान और लक्षिता जगलान को जापान के युइची शिमोगामी और सयाका होबारा के खिलाफ 7-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा।

### पसली में चोट लगी

33 वर्षीय प्रणय इंडोनेशिया के चिको ऑरा द्वी वार्डोयो के खिलाफ पहले गेम में 5-8 से पीछे चल रहे थे तब क्रॉस-कोर्ट स्मैश खेलते समय उनकी दाईं पसली में चोट लग गई। मेडिकल टाइमआउट लेने के बाद उन्होंने खेल फिर शुरू किया लेकिन असहज दिखे और 8-16 के स्कोर पर मुकाबले से हटने के लिए मजबूर हो गए। यूएस ओपन सुपर 300 के रूप में मौजूदा सत्र में बीडब्ल्यूएफ खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय आयुष शेट्टी को चीनी ताइपे के सु ली यांग के खिलाफ 47 मिनट तक चले मुकाबले में 18-21, 18-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

# पांड्या, चक्रवर्ती और अभिषेक शीर्ष पर बरकरार

टी20 रैंकिंग

एजेंसी । दुबई

ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या, रहस्यमयी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने आईसीसी टी-20 रैंकिंग में अपने-अपने वर्ग में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। पिछले हफ्ते दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बने चक्रवर्ती ने बुधवार को जारी सूची में 14 रेटिंग अंक के फायदे से शीर्ष पर स्थिति और मजबूत कर ली। उनके 747 अंक हो गए हैं।

### फॉर्म में अभिषेक



बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर कायम सलामी बल्लेबाज अभिषेक ने ओमान के खिलाफ भारत के अंतिम ग्रुप मैच में 38 रन की तेज पारी खेलने के अलावा पाकिस्तान के 171 रन के स्कोर का पीछा करते हुए 74 रन की मैच विजयी पारी खेली थी। पाकिस्तान के खिलाफ 19 गेंद में नाबाद 30 रन की पारी खेलकर भारत को लक्ष्य तक पहुंचने में मदद करने वाले तिलक वर्मा को भी तीन स्थान का फायदा हुआ है। कप्तान सूर्यकुमार यादव भी एक स्थान ऊपर शीर्ष पांच में जगह बनाने के करीब पहुंच गए हैं। श्रीलंका के खिलाफ धैर्यपूर्ण पारी खेलकर पाकिस्तान को जीत दिलाने वाले हुसैन तलत 1474 अंक की लंबी छलांग से संयुक्त रूप से 234वें स्थान पर हैं। बांग्लादेश के सैफ हसन भी सुपर चार के मैच में 61 रन की पारी खेलने के बाद 133 रन के फायदे से 81वें पायदान पर हैं।

### अबरार 12 स्थान चढ़े

पिछले हफ्ते 11 स्थान की छलांग लगाने वाले पाकिस्तान के अबरार अहमद को नवीनतम रैंकिंग में 12 स्थान का फायदा हुआ है। बांग्लादेश के अनुभवी तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान ने छह स्थान के फायदे के साथ शीर्ष 10 में वापसी की है। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने एशिया कप के अपने पिछले दो मैच में आठ की औसत से छह विकेट चटकाए हैं। ऑलराउंडर सूची में शीर्ष पर बरकरार पांड्या गेंदबाजी रैंकिंग में छह स्थान आगे बढ़कर 60वें स्थान पर हैं।

# एशियाई एक्वॉटिक में नटराज पदक के प्रबल दावेदार

एजेंसी । अहमदाबाद



भारत के स्टार बैकस्ट्रोक तैराक श्रीहरि नटराज ने कहा है कि अब उनका फोकस फ्रीस्टाइल पर अधिक है, जिसमें बिना विशेष प्रशिक्षण उन्होंने प्रभावी प्रदर्शन किया है। नटराज 28 सितंबर से 11 अक्तूबर तक यहां होने वाली एशियाई एक्वॉटिक चैंपियनशिप में प्रबल दावेदारों में से एक होंगे। उन्होंने बुधवार को कहा, इस साल मैं फ्रीस्टाइल पर अधिक फोकस कर रहा हूं, खासकर 100 और 200 मीटर पर। विशेष प्रशिक्षण के बिना भी फ्रीस्टाइल में मेरी टाइमिंग साल दर साल बेहतर हो रही है। इससे हमें इस सत्र में प्राथमिकताएं तय करने में मदद मिली हैं। नटराज ने इस साल विश्व युनिवर्सिटी खेलों में 100 मीटर फ्रीस्टाइल में 49.46 सेकंड का समय निकालकर एशियाई खेलों के पदक विजेता वीरधवल खाडे का 17 साल पुराना 49.47 सेकंड का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा था। उन्होंने 200 मीटर फ्रीस्टाइल में भी एक मिनट 48.11 सेकंड का समय निकाला जो किसी भारतीय का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

## बॉलीवुड

# 'गिद्ध' को मिला नेशनल अवॉर्ड, राधिका लावु ने जताई खुशी



71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में हिंदी शॉर्ट फिल्म गिद्ध - द स्कैवेंजर' ने सर्वश्रेष्ठ शॉर्ट फिल्म (हिंदी) का खिताब जीतकर भारतीय सिनेमा को गर्व का एक और अवसर दिया है। एलनार फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म का निर्माण राधिका लावु ने किया है।

24 मिनट की इस फिल्म में दिग्गज अभिनेता संजय मिश्रा मुख्य भूमिका में नजर आए हैं। फिल्म का निर्देशन अवॉर्ड-विनिंग निर्देशक मनीष सैनी ने किया है। कहानी भूख और अपराधबोध के टकराव को बड़े ही मार्मिक तरीके से पेश करती है। फिल्म ने सिर्फ देश ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी छाप छोड़ी है। इसे शॉर्ट शॉर्ट्स फिल्म फेस्टिवल एंड एशिया 2023 में बेस्ट शॉर्ट अवॉर्ड मिला, अकादमी अवॉर्ड्स के लिए क्वालिफाई किया और एलए शॉर्ट्स इंटरनेशनल, क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड्स, बेंगलुरु इंटरनेशनल और रोड आइलैंड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में भी चयन हुआ।

फिल्म की प्रोड्यूसर और एलनार फिल्म्स की फाउंडर राधिका लावु ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, 71वें नेशनल अवॉर्ड को पाना हमारे लिए बेहद गर्व की बात है। नेशनल अवॉर्ड्स भारतीय सिनेमा में सबसे बड़ी पहचान हैं और यह जीत हमारी मेहनत और जुनून की पुष्टि करती है। गिद्ध जीवन और नैतिकता के नाजुक संतुलन को दिखाती है—एक ऐसा विषय जो भाषा और सीमाओं से परे भी गूंजता है। मैं अपने डायरेक्टर मनीष सैनी, संजय मिश्रा सर और पूरी टीम का आभार व्यक्त करती हूं, जिन्होंने इस प्रोजेक्ट में अपना दिल और आत्मा झोंक दिया।

# दे कॉल हिम ओजी' की रिलीज से पहले पवन कल्याण की तबीयत बिगड़ी



साउथ फिल्मों के सुपरस्टार और आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'दे कॉल हिम ओजी' को लेकर सुर्खियों में हैं। सुजीत के निर्देशन में बनी यह फिल्म 25 सितंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। लेकिन रिलीज से ठीक पहले पवन को लेकर एक ऐसी खबर आई है, जिसने उनके फैंस को चिंता में डाल दिया है। दरअसल, पवन पिछले दो दिनों से वायरल बुखार से जूझ रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पवन ने अपनी तबीयत बिगड़ने पर परिवार की सलाह पर मेडिकल जांच करवाई, जिसके बाद डॉक्टरों ने उन्हें कुछ दिनों तक आराम करने की सख्त सलाह दी है। हालांकि, उनकी हालत गंभीर नहीं बताई जा रही है, लेकिन डॉक्टरों के निर्देशों के चलते वह फिलहाल पूरी तरह से आराम पर हैं। इस खबर के सामने आते ही सोशल मीडिया पर उनके चाहने वाले लगातार पवन कल्याण के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं। अगर फिल्म 'दे कॉल हिम ओजी' की बात करें तो इसमें पवन कल्याण के साथ बॉलीवुड एक्टर इमरान हाशमी अहम भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म में दोनों के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिलेगी। खास बात यह है कि इस फिल्म के जरिए इमरान हाशमी तेलुगु सिनेमा में डेब्यू कर रहे हैं और वह इसको लेकर बेहद उत्साहित हैं। फिल्म में पवन कल्याण की जोड़ी अभिनेत्री प्रियंका मोहन के साथ बनाई गई है, जो उनकी पत्नी की भूमिका निभा रही हैं। वहीं, साउथ सिनेमा के दिग्गज प्रकाश राज भी इस फिल्म का हिस्सा हैं, जो कहानी में एक अलग ही रंग भरने वाले हैं। कुल मिलाकर, 'दे कॉल हिम ओजी' एक बड़े बजट की एक्शन एंटरटेनर फिल्म है, जिसकी रिलीज का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब सभी की निगाहें पवन कल्याण के स्वास्थ्य पर टिकी हैं, ताकि वह जल्दी ठीक होकर अपने दर्शकों से बड़े पर्दे पर रूबरू हो सकें।

# यशराज संग दोबारा जुड़ेंगे मोहित सूरी, 'सैयारा' के बाद नई पेशकश

बॉलीवुड इंडस्ट्री के लोकप्रिय डायरेक्टर मोहित सूरी फिल्म 'सैयारा' की सफलता के बाद एक और नई रोमांटिक मूवी के लिए यशराज फिल्म्स (वायआरएफ) के साथ हाथ मिलाया है। फिल्म की कास्टिंग जल्द शुरू की जाएगी। निर्देशक मोहित सूरी पिछली बार यशराज फिल्म्स (वायआरएफ) के बैनर तले बनी फिल्म 'सैयारा' लेकर आए थे, जिसने बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट प्रदर्शन किया। इस फिल्म में अहान पांडे और अनीत पड्डा की जोड़ी नजर आई थी, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। 'सैयारा' की सफलता के बाद अब मोहित सूरी ने एक बार फिर वायआरएफ के साथ हाथ मिलाया है और इस बार वह एक रोमांटिक फिल्म पर काम कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मोहित सूरी और यशराज फिल्म्स एक नई रोमांटिक फिल्म के लिए साथ आ रहे हैं। इस प्रोजेक्ट का निर्माण अक्षय विधानी करेंगे, जबकि इसे आदित्य चोपड़ा प्रस्तुत करेंगे। खबर है कि मोहित अपनी टीम के साथ मिलकर कहानी पर काम कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग 2026 के मध्य में शुरू करने की योजना है, वहीं, इसकी कास्टिंग प्रक्रिया अगले साल की शुरुआत से शुरू की जाएगी।

# 'थामा' का नया पोस्टर रिलीज, आयुष्मान-रश्मिका की पहली झलक वायरल



मैडॉक फिल्म्स के हॉरर यूनिवर्स में अब तक कई फिल्मों ने दर्शकों को रोमांच और डर का अनोखा अनुभव दिया है और अब इस फ्रैंचाइज की अगली कड़ी 'थामा' को लेकर दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। यह फिल्म शुरू से ही चर्चा में रही है और अब इसके नए पोस्टर ने दर्शकों की बेसब्री को और बढ़ा दिया है। मैडॉक फिल्म्स का ओर से जारी पोस्टर में आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना साथ नजर आ रहे हैं, जो इस फिल्म की एक नई और ताज़ा जोड़ी को सामने लाता है। खास बात यह है कि रश्मिका और आयुष्मान पहली बार बड़े पर्दे पर साथ दिखाई देंगे, जिसे लेकर फैंस बेहद एक्साइटेड हैं। निर्माताओं ने हाल ही में घोषणा की है कि फिल्म 'थामा' से जुड़ा एक बड़ा अपडेट 26 सितंबर को शाम 5 बजे मुंबई के बांद्रा फोर्ट में आयोजित एक खास कार्यक्रम में शेयर किया जाएगा। इस इवेंट की झलकियों का इंतजार भी दर्शक बेसब्री से कर रहे हैं।

मेकर्स ने अपने ऐलान में लिखा, ₹स्त्री आ रही है और अपने साथ एक बड़ा थामाका ला रही है।₹ इस वाक्य ने यह साफ कर दिया है कि फिल्म 'थामा' न केवल हॉरर, बल्कि मनोरंजन और सरप्राइज से भी भरपूर होने वाली है। फिल्म की कास्टिंग भी इसकी बड़ी ताकत है। आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना के साथ-साथ परेश रावल और नवाजुद्दीन सिद्दीकी जैसे दमदार कलाकार भी इसमें अहम भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। इन सितारों का साथ फिल्म की कहानी और उसके रोमांच को और गहराई देगा। निर्देशन की जिम्मेदारी आदित्य सरपोतदार ने संभाली है, जो अपनी अलग तरह की सिनेमाई भाषा और ट्रीटमेंट के लिए जाने जाते हैं। हॉरर- कॉमेडी और सस्पेंस का जबरदस्त मिश्रण पेश करने के लिए वे पहले भी सराहे जा चुके हैं, ऐसे में दर्शकों को 'थामा' से काफी उम्मीदें हैं। मेकर्स ने यह भी साफ कर दिया है कि 'थामा' इस साल दीपावली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।







# अब वोटर लिस्ट से नाम हटाना आसान नहीं

**▶▶ चुनाव आयोग ने लॉन्च किया ई-साइन सिस्टम**

**▶▶ अब ई- वेरिफिकेशन जरूरी, रजिस्टर्ड नंबर पर OTP आएगा**

एजेंसी | नई दिल्ली



वोटर लिस्ट से नाम हटाने-जोड़ने के लिए अब ई-वेरिफिकेशन जरूरी होगा। इसके लिए चुनाव आयोग (EC) ने अपने पोर्टल और एप पर एक नया 'ई-साइन' फीचर शुरू किया है। वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने, हटाने या उस पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए आवेदक के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर वन-टाइम पासवर्ड (OTP) भेजा जाएगा। इससे सुनिश्चित होगा कि आवेदन करने वाला वही व्यक्ति है, जिसका नाम या नंबर इस्तेमाल किया गया है।यह मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 23 सितंबर से पहले ई-वेरिफिकेशन जरूरी नहीं था। एक अधिकारी ने बताया कि पहले कई बार ऐसा हुआ कि किसी और का नाम या मोबाइल नंबर देकर फॉर्म भरे जाते थे। नई सुविधा इस तरह के दुरुपयोग को रोकने में मदद करेगी।

## राहुल बोले- चोरी पकड़ाई तो ताला लगाया



वहीं, राहुल गांधी ने इस प्रोसेस में बदलाव के बाद कहा कि ज्ञानेश जी (मुख्य निर्वाचन आयुक्त), हमने चोरी पकड़ी तब आपको ताला लगाना याद आया। अब चोरों को भी पकड़ेंगे। तो बताइए, CID को सबूत कब दे रहे हैं आप। राहुल लगातार चुनाव आयोग पर वोट डिलीट करने का आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने 18 सितंबर को कहा था कि कर्नाटक की आलंद विधानसभा सीट से 6000 से अधिक वोटों को हटाया गया।

# सेना की परमानेंट कमीशन पॉलिसी में खामियां : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी | नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को भारतीय सेना की शॉर्ट सर्विस कमीशन (SSC) की 13 महिला अफसरों के आरोपों पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने इस दौरान कहा कि परमानेंट कमीशन पॉलिसी में कुछ खामियां हैं। उदाहरण के तौर पर, किसी बैच में 80 अंक पाने वाला अफसर चयनित हो जाता है, जबकि दूसरे बैच में 65 अंक पाने वाले को भी मौका मिल सकता है। एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने जस्टिस सूर्यकांत, उज्जल भुइयां और एन कोटिश्वर सिंह की बेंच के सामने केंद्र सरकार का पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और जेंडर न्यूट्रल है।

## स्थायी कमीशन की संख्या और क्राइटेरिया

केंद्र ने कोर्ट को बताया कि सेना में फिलहाल 8,443 अफसरों की कमी है, विशेष रूप से लेफ्टिनेंट से लेफ्टिनेंट कर्नल रैंक में। शॉर्ट सर्विस कमीशन (SSC) में भर्ती कम होने और चयन दर घटने से समस्या और बढ़ गई है। वर्तमान में हर बैच से लगभग 250 अफसरों को स्थायी कमीशन दिया जा रहा है। केंद्र ने स्पष्ट किया कि कठिन इलाकों में पोस्टिंग या जिम्मेदारी ही स्थायी कमीशन का एकमात्र आधार नहीं है और यह नियुक्तियां आमतौर पर उच्च पदों पर प्रमोशन के समय देखी जाती हैं।

# 17 फरवरी से सीबीएसई के 10वीं और 12वीं की परीक्षा



**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) की 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं 17 फरवरी से होंगी। यह पहली बार है जब कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा एक शैक्षणिक सत्र में दो बार होगी। CBSE परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा, पहली परीक्षा 17 फरवरी से 6 मार्च, 2026 तक होने की संभावना है। जबकि दूसरी बार परीक्षा 15 मई से 1 जून तक हो सकती है। उन्होंने कहा कि कक्षा 12वीं की परीक्षा 17 फरवरी से 9 अप्रैल, 2026 तक होने की संभावना है। भारद्वाज ने कहा, सामान्य दिशानिर्देश के अनुसार, उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन प्रत्येक विषय की परीक्षा के लगभग 10 दिन बाद शुरू होगा और 12 दिन के भीतर पूरा हो जाएगा। उदाहरण के लिए, यदि कक्षा 12वीं की फिजिक्स की परीक्षा 20 फरवरी, 2026 को होगी, तो मूल्यांकन 3 मार्च, 2026 को शुरू होगा और 15 मार्च, 2026 तक समाप्त होगा।

# उद्योगपति नुस्ली नेविल वाडिया की बढ़ी मुश्किलें

## 30 साल पुराने मामले में एफआईआर दर्ज

एजेंसी | नई दिल्ली

मुंबई के बांगुर नगर पुलिस स्टेशन ने मशहूर उद्योगपति नुस्ली नेविल वाडिया और उनकी पत्नी समेत सात लोगों के खिलाफ 30 साल पुराने विवाद में एफआईआर दर्ज की है। यह कार्रवाई फेरानी होटल्स प्राइवेट लिमिटेड की शिकायत और बोरीवली मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश के बाद की गई। एफआईआर में उद्योगपति नुस्ली नेविल वाडिया (81), उनकी पत्नी मौरीन (78), पुत्र नेस वाडिया (54), जहांगीर वाडिया



(52) और अन्य लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और नकली दस्तावेजों के जरिए वित्तीय लाभ लेने का आरोप लगाया गया है।

## विवाद 30 साल पुराने विकास समझौते से जुड़ा

मामला मलाड के एक भूखंड के विकास समझौते से संबंधित है, जिसमें वाडिया और फेरानी होटल्स के बीच विवाद हुआ था। इस समझौते के तहत वाडिया को जमीन की बिक्री आय का 12 प्रतिशत हिस्सा मिलना था। 2008 में हिस्सेदारी और जमीन के प्रबंधन को लेकर विवाद शुरू हुआ, जो बाद में बॉम्बे हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा।

## शिकायत और पुलिस कार्रवाई

फेरानी होटल्स के सीईओ महेंद्र चंदे (70) का आरोप है कि वाडिया परिवार ने 2010 में बॉम्बे हाईकोर्ट में कमर्शियल मामले में जाली दस्तावेज पेश किए। चंदे ने मार्च 2025 में बांगुर नगर पुलिस स्टेशन और मुंबई पुलिस कमिश्नर के पास शिकायत दर्ज की थी। कार्रवाई न होने पर उन्होंने बोरीवली कोर्ट का रुख किया।




# सीडीएस जनरल अनिल चौहान का कार्यकाल बढ़ा

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र सरकार चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान का कार्यकाल बढ़ा दिया है। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को सीडीएस जनरल अनिल चौहान के कार्यकाल को बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। अब वे 30 मई 2026 तक या अगले किसी भी आदेश तक सीडीएस और सैन्य मामलों के विभाग (डीएमए) के



सचिव के पद पर बने रहेंगे। जनरल अनिल चौहान को सितंबर 2022 में देश का दूसरा सीडीएस नियुक्त किया गया था। रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि सरकार ने चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ और सैन्य मामलों के विभाग के सचिव के रूप में कार्यरत जनरल अनिल चौहान के सेवा विस्तार को 30 मई 2026 तक या अगले आदेश तक के लिए मंजूरी दे दी है।




# 10.90 लाख रेलवे कर्मचारियों को दिवाली बोनस



एजेंसी | नई दिल्ली

दिवाली से पहले ही रेलवे कर्मचारियों को बड़ा तोहफा देते हुए कैबिनेट ने प्रोडक्टिविटी बेस्डम बोनस की मंजूरी दे दी है। अश्विनी वैष्णवव ने बताया कि 10.90 लाख कर्मचारियों के लिए बोनस दिया जा रहा है। कैबिनेट ने रेलवे कर्मचारियों को 78 दिनों के प्रोडक्टिविटी से जुड़े बोनस के रूप में 1865.68 करोड़ रुपए के भुगतान को मंजूरी दी है। इस पैसों का भुगतान रेलवे कर्मचारी जैसे ट्रैक मेंटेनर, लोको पायलट, ट्रेक मैनेजर (गार्ड), स्टेशन मास्टर, सुपरवाइजर, टेक्नीशियन, टेक्नीशियन हेल्पर, पॉइंट्समैन, रेलवे मंत्रालय के कर्मचारी और अन्य ग्रुप के कर्मचारियों को किया जाएगा।

## पहले से हो रही थी बोनस की मांग

भारतीय रेलवे कर्मचारी महासंघ (IREF) ने कहा था कि बोनस में बढ़ोतरी और मंजूरी जल्द की जानी चाहिए। अभी 7,000 प्रति माह के आधार पर उत्पादकता से जुड़े बोनस दिया जा रहा है, लेकिन इसे 18000 रुपए प्रति माह के आधार पर बोनस दिया जाना चाहिए।







# कॉपीराइट विवाद में एआर रहमान को राहत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को वरिष्ठ भारतीय शास्त्रीय गायक उस्ताद फैयाज वसीफुद्दिन डागर द्वारा दायर मामले में अंतरिम निषेधाज्ञा रद्द कर दी। डागर ने तमिल फिल्म पोन्नियन सेलवन-2 के गाने 'वीरा राजा वीरा में अपनी शिव स्तुति संगीत रचना के कथित कॉपीराइट उल्लंघन का आरोप लगाया था।